तापमान
अधिकतम 36.3 डिग्री
न्यूनतम 23.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, रविवार, 24 अगस्त, 2025

12 सात गोशालाओं को बांटे 45 लाख रुपये के चेक



12 कैंप में सेहत के साथ आंखों की हुई जांच दवाएं भी दी



## खबर संक्षेप

### हथियारों के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**समालखा।** पानीपत पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने समालखा में दो बदमाशों प्रमोद पुत्र चुहड सिंह निवासी सौंधापुर, जिला पानीपत व पिकेश उर्फ राजा पुत्र राजेंद्र निवासी गांव मिढकाली, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से एक देसी पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद की गई है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी पिंकेश और प्रमोद ने 12 अगस्त को मॉडल टाउन में एक व्यापारी का अपहरण करने का प्रयास किया था। उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि दोनों आरोपियों को एक दिन के रिमांड पर लिया है।

### राजकीय कॉलेज में दो कमरों का प्लास्टर गिरा

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना स्थित राजकीय कॉलेज में शनिवार को दो कमरों का प्लास्टर अचानक टूट कर गिर गया। कक्षाएं खाली होने के कारण कोई हताहत नहीं हुआ। वहीं, कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. हरिओम ने बताया कि कॉलेज का भवन 26 वर्ष पुराना है। एक साल पहले भी एक कमरे का प्लास्टर गिर चुका है। बरसात के समय छत से पानी टपकने की वजह से प्लास्टर कमजोर हो रहा है। नए भवन का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। हालांकि इसमें काफी समय लग सकता है।

### मंदिर के सेवादार और सहयोगी पर हमला

**अंबाला।** दिल्ली हाईवे स्थित एनडीआई प्लाजा के निकट हनुमान मंदिर के सेवादार स्वामी पूर्णानंद गिरि और उनके साथ मोहन गिरि पर तीन बदमाशों ने डंडों से हमला कर दिया। मारपीट की ये वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बदमाश रात वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। मारपीट में घायल पूर्णानंद और मोहन गिरि अंबाला कैंट के एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन है। पूर्णानंद गिरि की बाजू में कई फ्रेक्चर तो मोहन गिरी के चेहरे और अन्य शरीर पर चोटें आई। जख्मी हालत में दोनों को अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल लाया गया। यह पूरी मारपीट की घटना मंदिर परिसर में ही लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

### ऑटो पलटने से आधा दर्जन सवारियां घायल

**बराड़ा।** पीएनबी बैंक के पास एक ऑटो बेकाबू होकर पलट गया। हादसे के वक्त ऑटो में काफी सवारी भरी हुई थी। सूचना पर मौके पर पुलिस ने पहुंच कर घायलों को मुलाना अस्पताल भिजवाया। सुबह करीब 11 बजे एक ऑटो ड्राइवर कुछ सवारियों को लेकर रेलवे स्टेशन से लेकर मुलाना जा रहा था। पीएनबी बैंक के पास ऑटो बेकाबू होकर पलट गया। सूचना पर पुलिस और एम्बुलेंस भी मौके पर पहुंची। जहां से सभी घायलों को मुलाना के अस्पताल ले जाया गया। जहां अभी सभी घायलों का इलाज चल रहा है। ऑटो ड्राइवर काफी तेज ऑटो को चला रहा था।

---

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर करनाल में कार्यक्रम

# भारत बना अंतरिक्ष शक्ति, युवाओं के लिए अपार संभावनाएं : मनोहर लाल

## युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान की दिशा में बढ़ने का आह्वान

- वैज्ञानिकों और विद्यार्थियों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारत अंतरिक्ष विज्ञान में नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। वर्ष 2023 में चंद्रयान-3 मिशन की सफलता ने पूरी दुनिया को भारत की क्षमता का अहसास कराया था। आज राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस उसी ऐतिहासिक पल की याद दिलाता है।

उन्होंने कहा कि कभी भारत ने साइकिल और बैलगाड़ी से रॉकेट ढोकर अभियान शुरू किया था, आज वही भारत अंतरिक्ष में परचम लहरा रहा है। इसरो की उपलब्धियों पर न केवल देश बल्कि पूरी दुनिया गर्व कर रही है। करनाल की बेटी कल्पना चावला ने इस दिशा में युवाओं के लिए मार्ग प्रशस्त किया। मनोहर लाल ने करनाल के युवा वैज्ञानिक दीपांशु गर्ग और ऐश्वर्य गर्ग सहित अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचे शुभांशु शुक्ला को बधाई दी और कहा कि आने वाले समय में भारत की नई पीढ़ी विश्वस्तरीय खोजों में योगदान देगी। कार्यक्रम में पोस्टर, निबंध और सेमिनार प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वहीं नशा विरोधी अभियान में योगदान देने वाली साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक को भी मंच से विशेष सम्मान मिला। इसरो के पूर्व वैज्ञानिक बिद्युत कुमार भद्रा और प्रोजेक्ट निदेशक डॉ. रितु करलीधारन ने अंतरिक्ष विज्ञान की उपलब्धियों और चुनौतियों पर व्याख्यान दिया। उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग ने बताया कि अंबाला कैंट में 85 करोड़ रुपये की लागत से आर्यभट्ट विज्ञान केंद्र स्थापित किया जा रहा है।



**करनाल।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में छात्रा को सम्मानित करते केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल।

### आकाश की तरह सपनों की भी सीमा नहीं : ढांडा

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि यह वैज्ञानिक सोच और भविष्य के सपनों का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए लगातार प्रयास करें। ढांडा ने कहा कि चंद्रयान, गगनयान और सूर्य मिशन जैसी उपलब्धियों से भारत दुनिया की अंतरिक्ष शक्तियों की पंक्ति में खड़ा हो चुका है। हरियाणा सरकार भी युवाओं को वैज्ञानिक प्रयोगशालाएं, एआई व रोबोटिक लैब जैसी सुविधाएं देकर भविष्य के लिए तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि कल्पना चावला करनाल ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर आयुक्त राजीव रतन, उपायुक्त उत्तम सिंह, एसपी गंगा राम पूनिया, एसडीएम अनुभव मेहता, डीईओ सुदेश ठुकराल, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, जिला महामंत्री सुभाष कश्यप सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

---

# विस सत्र चलाने में सहयोग करे विपक्ष : राजेश नागर

- मनीषा की मौत के मामले में परिजनों की मांग पर सरकार ने सीबीआई को सौंपी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए विधानसभा सत्र को चलाने में विपक्ष सहयोग करे। विधानसभा सत्र में जनता की मांगों और समस्याओं को रखकर उनका समाधान निकाला जाता है। ऐसी व्यवस्था में विपक्ष को समाधान के लिए सहयोग करना चाहिए।

प्रदेश की जनता अपनी समस्याओं को रखने के लिए ही अपना जनप्रतिनिधि चुनकर भेजती है। समस्याओं के समाधान होने से प्रदेश का विकास भी होगा। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर शनिवार को लघु सचिवालय की नई बिल्डिंग में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मंत्री राजेश नागर ने मनीषा की मौत को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं इस मामले की लगातार अपडेट ले रहे हैं। परिजनों की मांग पर मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है। इस मामले में किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं होगी और जांच निष्पक्ष रहेगी। परिवार को न्याय मिलेगा और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगी।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि परिवार पहचान पत्र में सभी प्रक्रिया ऑनलाइन है। इसमें जो कागजात दिए जाते हैं, उनके वेरिफिकेशन के बाद आवेदन को मंजूर किया जा रहा है। शिकायत के निपटान की समय सीमा भी तय की हुई है। फिर भी कहीं पर समस्या मिली तो उसे दुरुस्त करवाया जाएगा। एक अन्य सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं को लेकर काफी योजनाओं को ला रही है। उन्हें नशे से दूर करने के लिए अभियान चलाए जा रहे है।

### ये रहे मौजूद

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि बेसहारा पशुओं को लेकर अधिकारियों को उन्हें गौशालाओं में भेजने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इस पर कार्रवाई चल रही है। जहां पर समस्या ज्यादा है, वहां से प्राथमिक के आधार पर गौवंशों को गौशालाओं में भेजा जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

---

# महिला की मौत के छह माह बाद पति और सास-ससुर के खिलाफ केस दर्ज

- 26 फरवरी को संदिग्ध हालात में हुई थी विवाहिता की मौत
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत को गला घुटना बताया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव मियांपुर में गत 26 फरवरी को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई शबनम की मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति व सास-ससुर को दहेज हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है।

यह कार्रवाई छह माह बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हुई। हालांकि शबनम की मौत पर पति द्वारा उसे सांप काटने की बात कही थी, पर अब आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट को देख डॉक्टरों ने गला घुटने को मौत की वजह माना है। गांव ताजेवाला निवासी नजीर हुसैन ने बताया कि 21 मई 2023 को बेटी शबनम की शादी गांव मियांपुर निवासी समीर के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद शबनम को उसका पति समीर, सास जरीना व ससुर इकबाल तंग कर रहे थे। नजीर ने बताया कि 26 फरवरी 2025 की शाम पांच बजे उनके पड़ोस में सूचना मिली कि शबनम ससुराल में बेहोश हो गई है। तब सीमर को फोन किया, जिसने बताया कि शबनम को सांप ने काट लिया है। तब परिवार के साथ शबनम के ससुराल पहुंचे। वहां शबनम चारपाई पर मृत अवस्था में थी। जगाधरी के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। इसकी रिपोर्ट में मौत की वजह गला घोंटने पर दम घुटने से बताई। इस पर पुलिस ने शबनम की मौत के मामले में उसके पति समीर, सास जरीना व ससुर इकबाल को दहेज हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

# चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला पुलिस की स्पेशल सेल ने एक चोर व दो कबाड़ियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर आगामी कार्रवाई शुरु कर दी।

स्पेशल सेल के प्रभारी अनिल राणा ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक साढ़ौरा के दोसड़का चौक के नजदीक संदिग्ध हालत में घूम रहा है और वह किसी चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।



**यमुनानगर।** एक चोर व चोरी का सामान खरीदने वाले गिरफ्तार किए गए कबाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

सूचना मिलते ही उन्होंने उप निरीक्षक जसविंदर सिंह, मक्खन सिंह, राज कुमार, एएसआई कुलदीप व सुरिंदर को शामिल कर टीम का गठन किया और जांच के लिए भेजा। जांच टीम ने दबिश देकर आरोपी युवक को पकड़ लिया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो उसकी पहचान साढौरा निवासी मनोज कुमार के नाम से हुई। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करने के दो मामलों का खुल्लासा किया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर गत 17 अगस्त को प्रेम नगर साढौरा से एक दुकान से ग्राइंडर, कटर और लोहे की सीट व जून 2014 में उधमगढ़ के नलकूप से मोटर की तार चोरी की थी। उन्होंने चोरी का सामान कबाड़ी दिलबाग सिंह व डेहा बस्ती निवासी संदीप को बेचा था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी कबाड़ी दिलबाग सिंह व संदीप को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों कबाड़ियों व आरोपी युवक मनोज कुमार को अदालत में पेश कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

---

# शेयर मार्केट में निवेश का लालच देकर ठगी

- ठगी करने वाले गिरोह के तीन सदस्य किए गिरफ्तार
- साइबर पुलिस आरोपियों से 62 लाख की कर चुकी है रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

साइबर क्राइम पुलिस ठगों पर लगातार शिकंजा कस रही है। इसी कड़ी में साइबर पुलिस ने शेयर मार्केट के नाम पर करोड़ों रूपये की ऑनलाइन ठगी करने के मामले में राजस्थान से आरोपी गोबिंद को गिरफ्तार किया है।

जांच टीम ने आरोपी को दस दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी ने बताया कि इस मामले में मुंबई के आरोपी आशीष कोठारी व चेतन भी संलिप्त हैं। पुलिस ने इन को भी मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद आरोपियों को चार दिन के ट्रांजिट रिमांड पर लेकर उनके मुख्य ठिकाने राजस्थान से 2 लाख 60 हजार रूपये व 4 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। अब पुलिस ने दोनों आरोपियों को 5 दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी। अब तक कुल 24 आरोपियों को गिरफ्तार कर लगभग 62 लाख रूपये, मोबाइल व अन्य सामान बरामद किया जा चुका है। मामले की जांच कर रहे इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला ने 20 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी विक्रांत कुमार व अन्य ने उससे शेयर मार्केटिंग के नाम पर बड़ी ठगी की है। आरोपियों ने फर्जी शेयर मार्केट में ऑनलाइन निवेश करवाकर महिला को 3 करोड़ 20 लाख रुपये का चूना लगाया था। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



**अंबाला।** साइबर ठगी में पकड़े गए आरोपी पुलिस हिरासत में। *फोटो : हरिभूमि*

---

## दो युवकों पर लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

- जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुई दोनों घटनाएं
- पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर दो महिलाओं के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पहले मामले में युवक ने शादी का झांसा देकर महिला के साथ रेप किया तथा दूसरे मामले में युवक ने प्रेम जाल में फसाकर महिला को होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी 35 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 2021 में विष्णु नगर निवासी राहुल के साथ मुलाकात हुई। राहुल ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। इसके बाद आरोपी उसे कहने लगा कि वह उससे शादी करना चाहता है। जनवरी 2021 को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे त्यागी गार्डन कॉलोनी स्थित एक घर में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसके साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी गत जुलाई माह तक उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम करता रहा। जब उसने आरोपी को शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत थी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### होटल में ले जाकर किया दुष्कर्म

करनाल निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी अंकित के साथ दोस्ती थी। गत 18 मई को आरोपी ने उसे यमुनानगर मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए आई तो आरोपी उसे शहर के कन्हैया साहब चौक स्थित एक होटल में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसे रात भर अपने साथ रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद भी आरोपी उस पर गलत नजर रखने लगा। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी अंकित के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

कश्मीर में धर्म की पुनः स्थापना की कामना में कार्यक्रम आज : पंकज

# कश्मीरी हिंदुओं के निमित्त होगा कुरुक्षेत्र तीर्थाटन

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे कार्यक्रम में मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कश्मीर में धर्म की पुनः स्थापना एवं कश्मीरी हिंदुओं के पुनर्वास की कामना के निमित्त रविवार को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में कुरुक्षेत्र-कश्यप तीर्थाटन-2025 का आयोजन किया जाएगा।

कश्मीरी हिंदू प्रकोष्ठ हरियाणा के तत्वावधान में गीता ज्ञान संस्थानम में आयोजित होने वाले इस समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होंगे। जबकि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज समारोह की अध्यक्षता करेंगे। शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में कश्मीरी हिंदू प्रकोष्ठ हरियाणा के संरक्षक पंकज धर ने बताया कि इस समारोह में देशभर से कश्मीरी हिंदू भाग लेंगे। हवन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। कश्मीरी हिंदू परिवारों के लोग अपनी संस्कृति को सहेजने एवं देश के दूसरे लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी अमित रैना ने कहा कि कश्मीरी हिंदुओं के साथ अन्याय हुआ है। इस विश्व में न्याय की स्थापना करने वाले भगवान श्रीकृष्ण की धरती पर हम सब उनसे कामना करेंगे कि वह फिर से कश्मीर में धर्म की स्थापना करने और कश्मीरी हिंदुओं के पुनर्वास के निमित्त बनकर आएं।



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकार वार्ता करते कश्मीरी हिंदू प्रकोष्ठ हरियाणा के संरक्षक पंकज धर।

### कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की भी सहभागिता होगी

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि इस समारोह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की भी सहभागिता होगी। इसमें विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी भी भागीदारी करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम संस्कार व संस्कृति का पुनर्जागरण है। यह हमारा सौभाग्य है कि यह कार्यक्रम कुरुक्षेत्र में हो रहा है। मीडिया प्रभारी अमित रैना ने बताया कि इस आयोजन का विशेष केंद्रबिंदु रानी यशोमती संबंध होगा, एक ऐसा विषय जो कश्मीर को भारतवर्ष में पार्वती की पावन भूमि के रूप में रेखांकित करता है।

---

# सिलेंडर से गैस चोरी के आरोप में एजेंसी का मालिक गिरफ्तार

- पुलिस ने कच्ची जमानत पर किया रिहा, पकड़े गए कर्मचारी ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला के पटेल नगर स्थित एक गोदाम में चल रहे गैस सिलेंडरों से चोरी मामले में अब पुलिस ने गार्गी गैस एजेंसी के संचालक रविंद्र को गिरफ्तार किया है।

पुलिस रविंद्र को ही पूरे मामले का मास्टर माइंड बता रही है। पहले पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि रविंद्र एजेंसी के सिलेंडरों को ही करिंदे के जरिए बैंक कॉलोनी के सुरेंद्र के जरिये पटेल नगर के एक घर में पहुंचाता था। यहां पर सुरेंद्र घरेलू, कमर्शियल सिलेंडरों से मशीनों के जरिये गैस चोरी करता था। यह मशीन के जरिये अलग-अलग सिलेंडर से तीन से चार किलो गैस निकाल लेते थे। इसके बाद सिलेंडर में पानी भर दिया करते थे। पुलिस की मानें तो आरोपी सुरेंद्र से हुई पूछताछ में ये खुलासा हुआ है। करधान पुलिस ने एजेंसी के मालिक रविंद्र को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि बाद में कच्ची जमानत पर रिहा करते हुए जांच शुरू कर दी। बता दें कि पुलिस ने सूचना मिलने के बाद 19 अगस्त को कैंट के पटेल नगर स्थित एक मकान में दबिश दी थी।

मौके पर पुलिस ने 116 सिलिंडर बरामद किए थे। इनमें 46 कमर्शियल में से 26 भरे व 20 खाली व 50 घरेलू में से 45 भरे व 5 खाली व 5 किलो वाले 20 में से 18 भरे व 2 खाली सिलेंडर मिले थे। मौके पर आरोपी सुरेंद्र भी पकड़ा गया था। जब्त सिलेंडर भारत गैस के थे।



## खबर संक्षेप



### पुलिस ने दो बाइक चोर युवकों को दबोचा

**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने कलानौर बॉर्डर से चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बाइक चोरी की तीन वारदातों का खुलासा किया। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की तीन बाईकें बरामद कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी दो युवक चोरी की बाइक को बेचने के लिए कलानौर होते हुए उत्तर प्रदेश की तरफ जाएंगे। इस सूचना के आधार पर एएसआई हुसन, मुख्य सिपाही अवतार सिंह, रविंदर, योगेश, जितेंद्र की एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी।

### प्राचीन नगर खेड़ा पर भंडारे का आयोजन आज

**रादौर।** रादौर के प्राचीन नगर खेड़े पर रविवार को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। भंडारे से पहले हवन यज्ञ व नगर परिक्रमा का आयोजन किया जाएगा। नगर खेड़ा के पुजारी प्रवीण जोगी व पूर्व सरपंच बालकिशन रोहिला ने बताया कि भंडारे से पहले हवन यज्ञ आयोजित कर क्षेत्र की सुख शांति, भाईचारे, व्यवसाय, अच्छी फसल, अच्छा व्यापार व स्वस्थ जीवन की कामना की जाएगी। उन्होंने बताया कि हवन यज्ञ के बाद नगर परिक्रमा कर सभी बीमारियों से रक्षा की कामना की जाएगी। उन्होंने सभी से भंडारे में अधिक से अधिक संख्या मं पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की।

### बारिश से तापमान में आई गिरावट

# मैदानी इलाकों में कई जगह भरा पानी, धान की फसल बिछी

- नीचले इलाकों में वाहन चालकों को हुई परेशानी
- अधिकांश बच्चे भीगते हुए अपने स्कूलों में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिले भर में अर्ध रात्रि से शुरु हुई बारिश शनिवार को सुबह आठ बजे तक जारी रही। इस दौरान जिले में कहीं पर तेज तो कहीं पर हल्की बारिश रही। बारिश होने से सड़कों व नीचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं, बारिश होने से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

शनिवार तड़के करीब दो बजे से जिले में बारिश शुरु हो गई। बारिश सुबह आठ बजे तक रुक रुक कर कहीं तेज तो कहीं हल्के स्तर पर होती रही। बारिश रुकने के बाद कामकाजी लोग अपने गंतव्य पर पहुंचे। वहीं, अधिकांश बच्चे भी भीगते हुए अपने स्कूलों में पहुंचे। नीचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, खजूरी मार्ग पर शादीपुर के नजदीक कई जगह तालाब जैसी स्थिति बन गई। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।





**यमुनानगर।** बारिश होने से नीचले इलाकों व सड़कों पर भरे पानी के बीच से गुजरते वाहन।

### अगेती धान की फसल में नुकसान की संभावना

जिले में तड़के दो बजे के करीब शुरु हुई बारिश के साथ हवा चलने से कई नीचले खेतों में पकने को खड़ी अगेती धान नीचे बिछ गई। जिससे किसानों को नुक्सान होने की संभावना बन गई। किसान राजबीर सिंह, शिवकुमार, सतीश कुमार, कुलदीप सिंह, पवन कुमार दिलीप सिंह आदि का कहना है कि उन्होंने अपने खेतों में हजारों रुपये खर्च करके अगेती धान की फसल को तैयार किया था। इस दौरान रात दिन जागकर किसी तरह फसल को बेसहारा गोवंशजों व अन्य कीटनाशकों से किसी तरह बचाकर रखा था। मगर जैसे ही उनकी धान खेतों में पकने को खड़ी है तो बारिश होने लगी। शनिवार को हुई बारिश से अधिकांश खेतों में धान की फसल बिछी।

### सामान्य स्तर पर बह रही है यमुना

शनिवार को मैदानी व पहाड़ी इलाकों में हुई बारिश के बावजूद यमुना नदी अपने सामान्य स्तर पर बह रही है। यमुना नदी में अभी जलस्तर सामान्य स्तर पर बह रहा है। शनिवार को दोपहर 12 तक करीब 39601 क्यूसिक था। जबकि शाम तक यमुना नदी का जलस्तर 37814 क्यूसिक रह गया।

### तापमान में आई गिरावट

बारिश होने से जिला का तापमान शनिवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रहा।



**यमुनानगर।** राजकीय विद्यालय चमरोड़ी में आयोजित साइंस ड्रामा प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

## साइंस ड्रामा प्रतियोगिता में जठलाना स्कूल प्रथम

- राजकीय स्कूल अलाहर के बच्चों ने द्वितीय व राजकीय स्कूल स्कूल टोपराकलां के विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोडी में शनिवार को ब्लॉक स्तरीय साइंस ड्रामा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के अंग्रेजी प्रवक्ता पवन रोहिला ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया।

स्कूल के अंग्रेजी प्रवक्ता पवन रोहिला ने बताया कि साइंस ड्रामा प्रतियोगिता में पीएम श्री जठलाना स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रथम, राजकीय स्कूल अलाहर के बच्चों ने द्वितीय व राजकीय स्कूल स्कूल टोपराकलां के विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, साइंस सेमिनार प्रतियोगिता में स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर की छात्रा दृष्टि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि पीएम श्री चमरोडी स्कूल की हंसिका ने द्वितीय स्थान और राजकीय स्कूल अंटावा की शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका विपिन कुमार, जसविंदर, सुनील बठला व मुकेश कुमार ने निभाई।

## उद्योग व्यापार मंडल ने यमुना के घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त करने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल से भेंटकर गणपति उत्सव के दौरान यमुना के घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करवाए जाने की मांग की।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल को गणपति उत्सव के दौरान यमुना के घाटों पर सुरक्षा के इंतजामों को पुख्ता किए जाने का आश्वासन दिया है। मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र सिंह मित्तल व संजय मित्तल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्य जिला सचिवालय पहुंचे और पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल से भेंट की। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल को बताया कि आगामी कुछ दिनों में जिले में गणपति महापर्व का शुभारंभ हो जाएगा। गणपति महापर्व के दौरान गणपति विसर्जन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होती है। ऐसे में गणेशोत्सव के दौरान शरारती और अपराधिक तत्वों पर नजर रखने और यमुना घाट पर अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस सहायता केंद्र और गोताखोरों व दमकल कर्मचारियों की टीम तैनात किया जाना जरुरी है।



## वाद विवाद प्रतियोगिता से बढ़ता है आत्मविश्वास

- स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी में वाद विवाद प्रतियोगिका का हआयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी में शनिवार को वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में नौंवी से कक्षा बारहवीं तक के 175 बच्चों ने भाग लिया।

प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जबकि मुख्यातिथि के रुप में विद्यालय की चेयरपर्सन स्नेह लता कांबोज ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं विद्यालय की चेयरपर्सन स्नेह लता कांबोज ने कहा कि वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन करने का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाना और उच्चारण में सुधार करना तथा विषय की गहन अध्ययन एवं समझ विकसित करना रहा।

उन्होंने बताया कि वाद विवाद के दौरान विद्यार्थियों ने सोशल मीडिया के अनेक लाभ जैसे तुरंत जानकारी प्राप्त करना, शिक्षा में सहायक सामग्री तक पहुंच,दूर बैठे लोगों से जुड़ना और रचनात्मक अभिव्यक्ति पर जोर दिया। इसके साथ ही इसके नुकसान जैसे समय की बर्बादी,गलत सूचनाओं का प्रसार ,लत लगना और व्यक्तिगत गोपनीयता पर खतरा को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।



**यमुनानगर।** स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी में आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

## प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

- ससमूह नृत्य प्रतियोगिता में हरप्रीत , निकिता व मुस्कान ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

रादौर के एमएलएन कॉलेज में शनिवार को सांस्कृतिक गतिविधियां संभाग के तत्वावधाा में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अलग अलग गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ.माला शर्मा ने किया। प्राचार्या डॉ. माला शर्मा ने बताया कि समूह नृत्य प्रतियोगिता में हरप्रीत , निकिता व मुस्कान ने प्रथम, लानवी व महक ने द्वितीय और सोनिया, कशिश, श्रेया व सेजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, सोलो नृत्य में शुभम ने प्रथम, महक ने द्वितीय व तमन्ना और नैंसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कविता प्रतियोगिता में सलोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि गीत में हरप्रीत ने प्रथम,ज्योति ने द्वितीय व गुरदीप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में वैभिका ने प्रथम, खुशी ने द्वितीय व आयुषी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रदर्शनी में तवविंदर ने प्रथम, रवीश ने द्वितीय व लता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर मेकिंग में साहिल ने प्रथम,मुस्कान ने द्वितीय व सोनाक्षी ने तृतीय प्राप्त किया। बैस्ट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में कार्तिक ने प्रथम, पलक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रो.पूजा वर्मा, प्रो.आशीष भल्ला व कॉलेज की पूर्व छात्रा तमन्ना ने निभाई। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या डॉ. माला शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करती हैं। सांस्कृतिक गतिविधियों के संयोजक प्रो. नवीन भारद्वाज ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई।



**यमुनानगर।** रादौर एमएलएन कॉलेज में आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## पलक ने लिखा सबसे उत्तम निबंध

- मुकंदलाल नेशलन कालेज यमुनानगर में भारत अंतरिक्ष सप्ताह के अंतर्गत प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर में भारत अंतरिक्ष सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं व डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल धवन ने किया। कालेज के प्राचार्य डॉ. अनिल धवन ने बताया कि निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्रा पलक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, छात्र गुरप्रीत सिंह ने द्वितीय व छात्रा अनु कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में रजनी बाला ने प्रथम, राशि पंवार ने द्वितीय व विधी बंसल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में तनिष्का ने प्रथम, महक अग्रवाल ने द्वितीय व राशि पंवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान डॉ. राहुल सिंह व डॉ. ममता भार्गव निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। मौके पर विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## दुनिया भर में बढ़ा है देश का सम्मान : कंवरपाल

- भाजपा के प्रतापनगर मंडल कार्यकारिणी की आयोजित हुई बैठक
- पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बैठक में मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी प्रतापनगर मंडल कार्यकारिणी की बैठक कस्बा में आयोजित की गई। बैठक में प्रतापनगर मंडल के सभी पदाधिकारियों, मोर्चों, विभागों व प्रकोष्ठों के अध्यक्षों व महासचिवों समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने भाग लिया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों, महिलाओं व युवाओं समेत समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए दिन रात काम कर रही है। आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बन कर तेजी से उभर रहे हैं। यह उनकी कुशल कार्य क्षमता और अच्छी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का मान सम्मान बढ़ा है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के मामले में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश के करोड़ों परिवारों को घर, बिजली, पानी, राशन, चिकित्सा और शिक्षा देकर गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का काम किया है। मौके पर जिला महामंत्री प्रवीण खदरी ने पंच परिवर्तन व सेवा पखवाड़े पर बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़े को सेवा भाव के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया जाएगा। पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाना है। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित चौधरी देवधर ने बताया कि बैठक में कुल चार सत्र रखे गए थे। पहले सत्र में संगठनात्मक विस्तार व बूथ पर होने वाले कार्यक्रम, दूसरे सत्र में भाजपा जिला महामंत्री प्रवीण खदरी ने पंच परिवर्तन व सेवा पखवाड़े विषय पर, तीसरे सत्र में सुमन चौधरी शाहजादवाला ने मन की बात व सरल पोर्टल पर व चौथे सत्र में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में कार्यकर्ताओं को अवगत करवाया गया। इस अवसर पर विनित सिंगला, चेयरमैन बलविंदर सिंह मुजाफत, सतीश जैधरी, कैलाश शर्मा, सोनू मांडेवाला, भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी व जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

## पैक्स चुनाव में भाजपा समर्थित छह निदेशक बने

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिले के प्रतापनगर पैक्स केंद्र (बहुउद्देशीय कृषि सहकारी समिति) के निदेशक पद के चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गए। इस दौरान पैक्स केंद्र के दस पदों पर हुए निदेशकों के चुनाव में भाजपा समर्थित छह निदेशकों ने निर्विरोध जीत हासिल की।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने नवनिर्वाचित निदेशकों को पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि पैक्स केंद्र के चुनाव में कुल 10 निदेशक पदों पर चुनाव किया गया। जिसमें भाजपा के समर्थित छह उम्मीदवार निर्विरोध निदेशक चुन लिए गए। उन्होंने बताया कि भाजपा समर्थित उम्मीदवारों में जो निदेशक के पद पर निर्वाचित हुए हैं उनमें सतीश चूहडपूर, सोनम पुत्रवधू शिवकुमार कोलीवाला, अशोक वालिया प्रतापनगर, धर्मवीर लाहसाबाद, सतीश शेखों माजरा व भूवनेश्वर दत्त अराइयांवाला शामिल हैं। उन्होंने निर्विरोध चुने गए भाजपा समर्थित निदेशकों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, चेयरमैन बलविंदर सिंह मुजाफ्त,पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष अमित चौधरी, ओमकार आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर के प्रतापनगर पैक्स केंद्र के नवनिर्वाचित निदेशकों को पुष्प माला पहनाकर स्वागत करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

### विदेश भेजने के नाम पर करोड़ों की ठगी के मामले में दो और एफआईआर दर्ज

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर ग्लोबल इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड के संचालकों व स्टाफ पर युवाओं से हुई करोड़ों रुपये की ठगी करने के मामले में दो और एफआईआर दर्ज हुई हैं। अब पृथ्वीनगर की दलजीत कौर से पांच लाख व रायपुर के मुशर्रफ से 15 लाख रुपये हड़पने की शिकायत पर अलग-अलग मामले दर्ज हुए। इनमें आरोप है कि दलजीत व मुशर्रफ से उनके बच्चों को वर्क वीजा पर ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर उक्त रा?शि ली गई थी। पर न तो बच्चों को विदेश भेजा गया और न रा?शि लौटाई गई। थाना गांधीनगर पुलिस ने दलजीत की ?शिकायत पर फर्म के संचालकों व स्टाफ में शामिल अजीतपाल, उसकी पत्नी रमनदीप कौर, बेटे तरणप्रीत व बेटी जसमीत कौर व अजय कुमार व प्रदीप सिंह, गुरदीप सिंह, गौरव को नामजद किया, वहीं मुशर्रफ की ?शिकायत पर रमनदीप कौर, प्रदीप सिंह व अजय कुमार को नामजद किया है। इस तरह मामले में कुल सात एफआईआर दर्ज हो चुकी है। इस प्रकरण में आरोपी दंपती अजीतपाल व रमनदीप कौर व उसके बेटे तरणप्रीत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, वहीं अन्य की गिरफ्तारी व रिकवरी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस को दी शिकायत में पृथ्वीनगर की दलजीत व रायपुर के मुशर्रफ ने बताया कि उनके बच्चे विदेश जाना चाहते थे।

### युवती ने लगाया युवक पर दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप

**यमुनानगर।** युवक ने शहर के रटोली क्षेत्र में युवती के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। युवती के शोर मचाने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। वहीं एक अन्य मामले में व्यक्ति ने महिला को रास्ते में रोक कर उसके साथ छेड़छाड़ की। आरोपी ने उसे अगवा करने की भी धमकी दी। बिलासपुर थाना क्षेत्र निवासी 21 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी हरनेक सिंह के साथ जान पहचान थी। दो अगस्त को जब वह रटोली क्षेत्र में गई तो वहां पर हरनेक सिंह ने उसे पकड़ लिया और दुष्कर्म करने का प्रयास किया।

**प्रतियोगिता** | सतयुग दर्शन ट्रस्ट के तत्वावधान में जिलास्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

## सृष्टि व इकरा ने जिलास्तरीय कविता सुमन प्रतियोगिता में मारी बाजी

दोनों छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल कर न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल यमुनानगर की दो छात्राओं ने सतयुग दर्शन ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय कविता सुमन प्रतियोगिता में श्रेष्ठ स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल की प्रिंसीपल कमलेश सिक्का व चेयरमैन ने दोनों छात्राओं को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय की प्रिंसीपल सुश्री कमलेश सिक्का ने बताया कि सतयुग दर्शन ट्रस्ट के तत्वावधान में जिला स्तरीय कविता सुमन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के छह विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।इनमें से छठी कक्षा की छात्रा सृष्टि शर्मा ने धैर्य तथा 12वीं कक्षा की इकरा हसीब ने अभ्यास विषय पर अपनी अपनी कविताएं प्रस्तुत की थी। इन दोनों छात्राओं ने प्रतियोगिता में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। अब ये दोनों छात्राएं राज्यस्तरीय वर्चुअल प्रतियोगिता में शामिल होंगी। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल स्कूल के बच्चों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि न्यू हैप्पी स्कूल में बच्चों की शिक्षा के साथ साथ उनकी प्रतिभा को निखारने की तरफ भी विशेष ध्यान दिया जाता है। उसी का परिणाम है कि आज ये बच्चे अपनी कविता के माध्यम से जिला स्तर पर यह मुकाम हासिल कर पाएं हैं। उन्होंने इसके लिए अध्यापकों को भी बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी तरह तरक्की की ओर अग्रसर करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने भी बच्चों की इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी।





यमुनानगर के न्यू हैप्पी स्कूल की छात्रा इकरा का फोटो।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री पर हमला, नेताओं और संगठनों में फूटा आक्रोश

■ दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले को लेकर राजनीतिक और सामाजिक संगठनों में जबरदस्त नाराजगी देखने को मिल रही है। व्यापार मंडल से लेकर महिला मोर्चा और पंचायत प्रतिनिधियों तक, तमाम संगठनों ने इस घटना की निंदा करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### यह लोकतंत्र पर सीधा हमला है: विकास गर्ग



व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री विकास गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे नेता पर हमला लोकतांत्रिक ढांचे के लिए बेहद गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा की रेखा गुप्ता पर हमला केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं है, यह लोकतंत्र की व्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश है। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

### सख्त कार्रवाई न हुई तो गलत संदेश जाएगा: प्रिंस मंगला



पिहोवा मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला ने घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की जनता के चुने हुए प्रतिनिधि पर हमला लोकतंत्र की नींव को हिलाने की कोशिश है। यदि दोषियों पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई तो समाज में लोकतंत्र की सुरक्षा पर सवाल खड़े होंगे।

### महिला नेतृत्व को डराने की साजिश असफल होगी : गीता



महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष गीता शर्मा ने इस घटना को महिला सशक्तिकरण के खिलाफ साजिश बताया। उनका कहना था ' राजनीति में आगे बढ़ रही महिलाओं को रोकने के लिए ऐसे कायराना कदम उठाए जा रहे हैं। परंतु हम स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि महिला नेतृत्व को दबाना आसान नहीं है। पूरी महिला शक्ति मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ खड़ी है।

### महिला नेतृत्व को कोई कमजोर नहीं कर सकता: कंवलजीत कौर



जिला परिषद अध्यक्षा कंवलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री पर हमला शर्मनाक है और समाज ऐसी घटनाओं को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा की रेखा गुप्ता जैसे साहसी और सशक्त नेता पर हमला करने वाले तत्व लोकतंत्र और महिला नेतृत्व को कमजोर नहीं कर सकते। यह घटना हम सबको और मजबूत बनाएगी। इन सभी नेताओं ने एकसाथ यह मांग उठाई कि मुख्यमंत्री पर हमले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को तुरंत कठोरतम दंड दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की घटनाओं से जनता के विश्वास पर चोट पहुंचती है, इसलिए राजनीतिक नेतृत्व की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जानी चाहिए।



## भारत जानो प्रतियोगिता में हेमा व सरगम प्रथम

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिन्दू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारत जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता भारत विकास परिषद के सदस्य जगजीत कुमार एवं डॉ नितिन गोयल के निर्देशन में सम्पन्न हुई। उन्होंने प्रतियोगिता के संबंध में छात्राओं का मार्गदर्शन किया तथा प्रतियोगिता के नियम बताए। कनिष्ठ वर्ग में कुल 24 छात्राओं ने तथा वरिष्ठ वर्ग में कुल 24 छात्राओं ने यह परीक्षा दी। कनिष्ठ वर्ग में हेमा तथा पूजा ने क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में सरगम तथा आँचल ने क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उच्च स्थान प्राप्त करने वाली सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। ये छात्राएं नगरीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

## कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में 14 में से 6 शिकायतों का मौके पर समाधान

# बिजली कनेक्शन के मामले में केस दर्ज दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई : नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि बिजली के कनैक्शन के मामले में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और अब पुलिस अधिकारी जांच के बाद दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाएंगे। इसके साथ ही एफआईआर दर्ज करने में 7 माह का समय लगाने वाले 3 पुलिस जांच अधिकारियों से भी डीएसपी को एफआईआर दर्ज करने में देरी होने की पूछताछ करेंगे। राज्यमंत्री राजेश नागर शनिवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले नवनियुक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मेहमानों का स्वागत किया और एजेंडे की शिकायतों पर बारीकी से प्रकाश डाला। राज्यमंत्री ने कहा कि हाउस के समक्ष 14 शिकायतें रखी गई थी, इनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। इसके अलावा 3 शिकायतों का केस अदालत में विचाराधीन है तथा शेष 5 शिकायतों पर अधिकारियों को तेजी से कार्य करने के आदेश दिए गए है। इतना ही नहीं राज्यमंत्री राजेश नागर ने अधिकारियों को सख्त आदेश दिए कि ब्रह्मसरोवर से तुरंत प्रभाव से डंपिंग स्थल से बदला जाए। राज्यमंत्री ने सिरसला निवासी शारदा रानी, गांव तंगौर निवासी ओमप्रकाश, विष्णु कॉलोनी निवासी सोमप्रकाश, नैसी डेरा निवासी मुख्तयार सिंह की शिकायतों पर सुनवाई करते हुए अधिकारियों को आदेश दिए कि लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री के आदेशानुसार प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत को अधिकारी गंभीरता से ले और निर्धारित समय अवधि के अंदर प्रार्थी को न्याय दिलवाए। इस मामलें में जरा सी भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इस मौके पर विधायक अशोक अरोडा, विधायक रामकरण, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।




**कुरुक्षेत्र।** बैठक में समस्याओं का समाधान करते खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्यमंत्री राजेश नागर।

### एचएसवीपी के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर से मार्गदर्शन लेने के दिए आदेश

हरियाणा के राज्य मंत्री राजेश नागर ने सेक्टर 2 निवासी सुखबीर सिंह रोहिला की शिकायत पर सुनवाई करते हुए कहा कि सीनियर सिटीजन के प्लाट के मामले में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी चंडीगढ़ से मार्गदर्शन लिया जाए। इस मार्गदर्शन के बाद प्रार्थी को न्याय दिया जाए। हालांकि इस मामले में प्रशासन की तरफ से नगराधीश आशीष कुमार ने पक्ष रखते हुए कहा कि एचएसवीपी से सम्बन्धित इस प्रकार के मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मामला लम्बित है।

### देवीदास पुरा में गंदगी फैलाने वाले लोगों को पकड़ने की तैयारी

हाउस के समक्ष सेक्टर 5 निवासी एसके सेठ ने देवीदासपुरा में स्वच्छता के मामले को रखा और बताया कि आस पडोस के साथ-साथ आम नागरिक घर का कचरा देवीदास पुरा में नगर परिषद की खाली जमीन पर डालते है और इस जगह पर कूड़े के ढेर लग जाते है। इस विषय पर राज्यमंत्री राजेश नागर ने कड़ा संज्ञान लिया और आदेश दिए कि गंदगी फैलाने वाले नागरिकों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी कैमरे और सुबह व सांय के समय कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए और इसके साथ ही स्थाई समाधान होने तक निरंतर रूप से प्लाट की सफाई करवाई जाए।

### सेक्टरों के सौंदर्यीकरण और स्वच्छता के लिए प्रस्ताव तैयार

राज्यमंत्री राजेश नागर ने सेक्टर 17 निवासी शमशेर सिंह सांगवान, बलविन्द्र सिंह व अन्य नागरिकों की शिकायत का समाधान करते हुए कहा कि नगर परिषद की तरफ से सेक्टर 17 में सालों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को ठीक कर दिया गया है और नई लाइट लगवा दी गई है, इस सेक्टर 17 की पार्क में मैदान को समतल करने का कार्य आगामी एक सप्ताह के अंदर पूरा कर दिया जाएगा और बच्चों को क्रिकेट और वॉलीबॉल खेलने के मामले में कुछ नई व्यवस्था की जाएगी ताकि सीनियर सिटीजन को इस पार्क में किसी प्रकार की कोई दिक्कत सामने ना आए। इस पार्क में कुत्तो को लेकर घूमने वाले नागरिकों को रोकने व अन्य व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर परिषद की तरफ से एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाएगी। इस मामले में नगराधीश आशीष कुमार ने भी अपना पक्ष रखा। राज्यमंत्री ने कहा कि एचएसवीपी की तरफ से सेक्टर 17, सेक्टर 2, सेक्टर 10 और सेक्टर 30 की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के लिए 115 लाख रुपए की राशि का एक प्रस्ताव तैयार किया है। यह राशि नगर परिषद को सौंप दी जाएगी और नगर परिषद की तरफ से स्वच्छता और सौन्द्रर्यकरण का कार्य चारों सैक्टरों में पूरा किया जाएगा।

### कच्चें रास्तों को पक्का करने के लिए तय करें समय अवधि

राज्यमंत्री ने सरपंच बचगांव जसविन्द्र सिंह व हंसाला की सरपंच दलजीत कौर की शिकायत पर सुनवाई करते हुए मार्किटिंग बोर्ड के कार्यकारी अभियंता को आदेश दिए कि गांव की तरफ जाने वाले कच्चे रास्तों को पक्का करने के लिए समय अवधि निर्धारित करे ताकि निर्धारित अवधि के अंदर सडकों का निर्माण कार्य पूरा हो सके।




## अंतर सदन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में बालसभा के अंतर्गत अंतर सदन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई गई जिसमें चारों सदन तेजस्वी, प्रगति, कुशाग्र और मेधावी के कनिष्ठ और वरिष्ठ दोनों वर्गों के छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों ने सामान्य विज्ञान, सामान्य ज्ञान, खेलकूद संबंधी अनेक प्रश्नों के सटीक उत्तर देकर अपनी कुशल मेधा और बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया। इस अवसर पर गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार एवं प्राचार्य सूबे प्रताप सहित समस्त अध्यापक मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन कार्यक्रम के संयोजक सुनील आहूजा द्वारा किया गया। विशेष रूप से एन.डी.ए. ब्लॉक के छात्रों ने इस प्रतियोगिता में एंकर की भूमिका निभाई जिसकी सभी दर्शकों ने जमकर तारीफ की। कनिष्ठ वर्ग में कुशाग्र सदन ने प्रथम स्थान हासिल किया जबकि मेधावी और तेजस्वी सदन क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार वरिष्ठ वर्ग में तेजस्वी सदन प्रथम, मेधावी सदन द्वितीय तथा कुशाग्र सदन तृतीय स्थान पर रहे।



## श्रीहंस योग आश्रम में सद्भावना सत्संग आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** श्रीहंस योग आश्रम कुरुक्षेत्र में मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में भाद्रपद अमावस्या के उपलक्ष्य में एक सद्भावना सत्संग समारोह और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सद्गुरु देव श्री सतपाल महाराज जी की शिष्याओं - महात्मा अंतमुर्खी बाई जी, महात्मा सुभद्रा बाई जी, महात्मा सुनिधि बाई जी, और महात्मा अर्चना बाई जी - ने अपने प्रवचनों और भजनों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। आश्रम प्रभारी महात्मा अंतमुर्खी बाई जी ने अपने सत्संग में धर्म की वास्तविक परिभाषा को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि धर्म का अर्थ किसी पुस्तक या भाषा का ज्ञान नहीं, बल्कि उसे धारण करना और अपनाना है। जब-जब महापुरुष इस धरती पर आए, उन्होंने लोगों को आत्मा, रूह, शक्ति या स्पिरिट का ज्ञान दिया। यही आत्मज्ञान है, जिसे अपने हृदय में महसूस करना ही सच्चा धर्म है।

## नवीन जिन्दल फाउंडेशन ने 84 लोगों को दी स्वास्थ्य सुविधाएं

**कुरुक्षेत्र।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पूरे संसदीय क्षेत्र में तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में जाकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रही हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट ने आज हल्का थानेसर के नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पहुंच कर 84 लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर चलाई जा रही मोबाइल मेडिकल युनिट में, एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई, साथ ही रक्त और युरिन के टेस्ट भी किए गए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र जांगड़ा, पार्षद कमल किशोर, सिद्धार्थ तिवारी, डायरेक्टर बी. डी. गाबा, प्रधानाचार्य देवेंद्र अरोड़ा, प्रीति मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## सेवा व सहयोग का अनूठा उदाहरण बनी अतंरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला

■ केयू पूर्व छात्र एसोसिएशन की ओर से गऊ उपचार केंद्र को 51 हजार की नगद राशि भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में आयोजित विशेष कार्यक्रम में स्वामी गोपाल दास जी महाराज द्वारा संचालित श्रीगुरु नानक देव गऊ उपचार केंद्र कुरुक्षेत्र के सहयोग हेतु महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। इस दौरान स्वतंत्र समूह सेवा समिति एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र एसोसिएशन की ओर से गऊ उपचार केंद्र को 51 हजार की नगद राशि भेंट की गई। वहीं धर्मशाला की समस्त कार्यकारिणी ने गऊ उपचार केंद्र मे आ रही चारे की दिक्कत को देखते हुए संस्था की ओर से 101 क्विंटल गेहूं दान किया। इसके साथ ही समाजसेवी अर्जुन सारसा ने भी गऊ उपचार केंद्र के लिए 11 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की। कार्यक्रम में उपस्थित स्वामी गोपाल दास जी महाराज ने इस सेवा भावना की सराहना करते हुए स्वतंत्र समूह सेवा समिति के चेयरमैन भाई प्रदीप मोर, अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद एवं समस्त कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर गऊ उपचार केंद्र के प्रधान मिलन जून, अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला के उपप्रधान बन्नी सिंह ढुल, कर्मबीर सरपंच, पूर्व प्रधान सुरेंद्र, दरिया सिंह घराड़सी, पूर्व सरपंच टेकचंद बारना, नरेंद्र नैन, बलकार सारसा आदि मौजूद रहे।



## इंटर-स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2025 आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** डायरेक्टरेट ऑफ स्किल डेवेलपमेंट एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग, हरियाणा सरकार की ओर से इंटर-स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से सैकड़ों प्रतिभाशाली युवा और अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में ग्लोबल हॉस्पिटैलिटी टेक्नोलॉजी कंपनी ओयो ने आधिकारिक इवेंट पार्टनर के रूप में अपनी भूमिका बखूबी निभाई। कार्यक्रम के सुचारु संचालन के लिए ओयो ने कंट्रोल रूम बनाया, जहां प्रशिक्षित स्टाफ ने लॉजिस्टिक, रजिस्ट्रेशन काउंटर, सुरक्षा और मेहमानों की देखरेख की जिम्मेदारी संभाली। जानकारी देते हुए ओयो के गवर्नमेंट बिजनेस हेड, पंकज कुमार ने कहा कि इंटर-स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम जैसे बड़े आयोजनों से यह साबित होता है कि ओयो न सिर्फ हॉस्पिटैलिटी में, बल्कि इवेंट मैनेजमेंट, लॉजिस्टिक और गेस्ट एक्सपीरियंस में भी बेहतरीन सेवाएं दे सकता है।

## स्वच्छता में कुरुक्षेत्र होगा अव्वल

■ भाजपा कार्यकर्ता अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए शहर की स्वच्छता में योगदान देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र शहर की खूबसूरती और स्वच्छता को बढाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए शहर की स्वच्छता में योगदान देंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 में कुरुक्षेत्र टॉप पर आए, इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता भी अपनी भागीदारी निभाएंगे। शहर की स्वच्छता रैंकिंग को सुधारने और इसे टॉप पर लाने के लिए आज स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेन्द्र सिंह गोल्डी के साथ पार्टी कार्यालय गीता कमल में विस्तृत चर्चा की। शहर की स्वच्छता और सुंदरता बढ़ाने के लिए भाजपा कार्यकतार्ओं की जिम्मेदारी लगाई जाएगी। टीमवर्क के साथ यह कार्यकर्ता लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। सर्वेक्षण के दौरान जो कार्यकर्ता बेहतर काम करेगा, उसे निगम की ओर से सफाई का ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छता अभियान के तहत कुरुक्षेत्र शहर में स्वच्छता जागरूकता को लेकर प्रयास शुरू किए गए हैं। जिला अध्यक्ष तेजेन्द्र सिंह गोल्डी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन हर देशवासी और हरियाणावासी का मिशन है, इसमें भाजपा कार्यकर्ता भी अपना योगदान देंगे। इसके लिए हर वार्ड में प्रमुख कार्यकतार्ओं की टीम गठित की जाएगी जो घर-घर जाकर जनता को सरकार की उपलब्धियां और स्वच्छता का संदेश देंगे।



**राहत** फैलोपियन ट्यूब ब्लॉकेज जैसी गंभीर समस्या से महिलाओं को आयुर्वेदिक उपचार से मिल रही संजीवनी

# संतान सुख की चाह में भटक रही महिलाओं के लिए श्रीकृष्ण आयुष विवि कुरुक्षेत्र बना वरदान

उत्तर बस्ती स्त्री रोगों के समाधान के लिए किसी वरदान से कम नहीं : सुनीति तंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

संतान सुख की चाह में भटक रही महिलाओं के लिए श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र एक नई उम्मीद बन गया है। यहां फैलोपियन ट्यूब ब्लॉकेज जैसी गंभीर समस्या से पीड़ित महिलाओं को आयुर्वेदिक उपचार से संजीवनी मिल रही है। विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान एवं आयुर्वेदिक अस्पताल में विशेष आयुर्वेदिक पद्धति उत्तर बस्ती के माध्यम से महिलाओं की ट्यूब ब्लॉकेज की समस्या का सफल उपचार किया जा रहा है। खास बात यह है कि जिन मरीजों को आधुनिक चिकित्सा पद्धति में लेप्रोस्कोपी सर्जरी के जरिए ट्यूब ओपन कराने की सलाह दी गई थी, उन्हीं महिलाओं की ट्यूब मात्र 3 से 6 माह की अवधि में खुल गई। कई महिलाएं यहां इलाज करवाने के बाद मां बनने का सुख पा चुकी हैं। स्त्री रोग विभाग की प्रो. सुनीति तंवर का कहना है कि आयुर्वेद में स्त्री रोगों का उपचार केवल रोग मुक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिला के पूरे स्वास्थ्य, हार्मोनल संतुलन और जीवन शक्ति को पुनः स्थापित करने पर केंद्रित है। उत्तर बस्ती स्त्री रोगों के समाधान के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह पद्धति रसौली, फैलोपियन ट्यूब ब्लॉकेज और इनफर्टिलिटी (बांझपन) जैसी जटिल समस्याओं में बेहद कारगर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस उपचार के अंतर्गत महिला को हर माह मासिक धर्म के बाद लगातार तीन दिन तक उत्तर बस्ती दी जाती है। यह प्रक्रिया चिकित्सकीय देखरेख में लगातार तीन से छह माह तक चलती है। उपचार के दौरान खान-पान और जीवनशैली का विशेष ध्यान रखना आवश्यक होता है, ताकि उपचार का पूरा लाभ मिल सके। प्रो.सुनीति के मुताबिक, कैथल निवासी 35 वर्षीय महिला की शादी के 2 साल बाद भी संतान नहीं हो पाई। जांच में पता चला कि महिला की दोनों फैलोपियन ट्यूब ब्लॉक थीं। डॉक्टरों ने उसे ऑपरेशन कराने की सलाह दी।



### उत्तर बस्ती से निसंतान दंपतियों को मिली नई उम्मीद : प्रो.सिंगला

आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला ने कहा कि स्त्री रोग विभाग में आयुर्वेदिक उपचार से हो रहे सकारात्मक परिणाम महिलाओं के जीवन में नया उजाला ला रहे हैं। उत्तर बस्ती से निसंतान दंपतियों को नई उम्मीद है। यह एक ऐसी पद्धति है, जिसमें रोगी की शारीरिक स्थिति, रोग की प्रकृति और खान-पान सभी का विशेष ध्यान रखा जाता है। अस्पताल में उपचार केवल दवा तक सीमित नहीं है, बल्कि हर महिला को उचित परामर्श, जीवनशैली सुधार और मानसिक संबल भी दिया जाता है। यह चिकित्सा पद्धति न केवल रोग दूर करती है, बल्कि महिला के पूरे स्वास्थ्य और जीवन शक्ति को संतुलित करती है।

### बीमारियों के स्थायी समाधान में सक्षम है आयुर्वेद : कुलपति

कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय महिलाओं के स्वास्थ्य और मातृत्व सुख के लिए निरंतर आयुर्वेदिक अनुसंधान और उपचार को बढ़ावा दे रहा है। उत्तर बस्ती जैसी प्राचीन आयुर्वेदिक पद्धति आज आधुनिक चिकित्सा के विकल्प के रूप में नई उम्मीद जगा रही है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य है कि समाज की हर उस महिला तक यह सुविधा पहुंचे, जो संतान सुख से वंचित है।

## फसलों के नुकसान के लिए खोला ई-क्षतिपूति पोर्टलः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में भारी बारिश और जलभराव के लिए खराब हुई फसलों का डाटा अपलोड करने के लिए सरकार की तरफ से ई क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया गया है। इस क्षतिपूर्ति पोर्टल पर राजस्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर 69 गांव के किसान 5 सिंतबर 2025 तक फसल के खराबे का डाटा अपलोड कर सकते है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में राजस्व विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अनुमान लगाया जा रहा है कि पिहोवा, इस्माईलाबाद और शाहबाद क्षेत्र में लगभग 13240 एकड फसल को भारी बारिश और जलभराव से नुकसान पहुंचा है। इन किसानों की फसल के नुकसान का आंकलन करने के लिए मुआवजा देने हेतु ई क्षतिपूर्ति पोर्टल को खोल दिया है। इस पोर्टल पर किसान 5 सितंबर तक डाटा अपलोड कर सकते है। उन्होंने कहा कि गांव खंजरपुर, दुनिया माजरा, अजमतपुर, गंगहेडी, कैंथला, मेघा माजरा, अधोया, दिवाना, जलबेहडा, नैसी, रोहटी, नूरपूरबूच्ची, ठसकामीराजी, झांसा, टबरा, छपरा, छपरी, जंदहेडी, मदनपुर, किशनगढ, धर्मगढ, रतनगढ, कल्याणा, बीबीपुर, फतेहगढ अटारी, बकाना, पाडलू, रावा, गामडी, गौरीपुर, त्यौडा, डाडलू, लंडी, पतीबोरीपुर, मच्छरौली, तिगरी, सुलखनी, पटटी शहजादपुर, नगला, गुमटी, मलिकपुर, पटटी झामडा, कांकडा शाहबाद, रामनगर, महीयुदीनपुर, तंगौर, कठवा, मुगल माजरा, झरौली खुर्द, दाऊ माजरा,मोहडी, हलदाहेडी, भौकर माजरा, गोलपुरा, सैर्हदपुर,बरबोलिया, नाहर माजरा, डीग के किसान अपनी फसल के खराबे की रिपोर्ट ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड कर सकते है।

## खबर संक्षेप

### शराब तस्करी मामले में 50 बोतल सहित दो काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर की नई अनाज मंडी से शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी गौरव व कार्तिक को 50 बोतल शराब सहित काबू किया है।



पुलिस को सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी शराब की तस्करी करते हैं। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपियों के ठिकानों पर रेड कर उन्हें शराब समेत काबू कर लिया। उनके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस भी दर्ज किया गया है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अंकित को गिरफ्तार किया है। निहारसी के विजय कुमार ने 21 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 अगस्त 2025 इंदिरा पार्क के पास से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### सीआईए-1 ने लूट में चार आरोपियों को पकड़ा

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी अमित व साहिल कुमार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में चार किशोरों को भी संरक्षण में लिया गया है। परिवादी राकेश कुमार ने 28 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि भोला धर्म कांटा जगाधरी रोड के पास से 5/6 आरोपियों ने मारपीट करते हुए उसकी मोटरसाइकिल व मोबाइल लूट लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बराड़ाः रोचक गतिविधियों को लेकर कार्यक्रम

बराड़ा। अकाल अकादमी होली के अंग्रेज़ी विभाग की ओर से विद्यार्थियों की भाषाई एवं संचार कौशल को निखारने के उद्देश्य से स्पेलिंग बी, पब्लिक स्पीकिंग प्रतियोगिता और समूह चर्चा जैसी रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सभी हाउसों के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लेकर अंग्रेज़ी भाषा में अपने ज्ञान और धाराप्रवाहता का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

### फायरिंग करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज फायरिंग करने व जान से मारने का प्रयास करने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी मनदीप को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी ने बताया था कि आरोपी निर्मल सिंह भी मामले में संलिप्त है। अब पुलिस ने आरोपी निर्मल सिंह को भी काबू किया है। वारदात में प्रयुक्त गाड़ी व हथियार पहले बरामद किए जा चुके है। मानकपुर के वितेश कुमार ने 11 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने कॉलेज रोड पर उसके ऊपर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।




# शिक्षा के साथ जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित कर रही एआई

## डीएवी कॉलेज में शिक्षा और शोध में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का अनुप्रयोग : अवसर और चुनौतियां विषय पर आयोजित हुई संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज (लाहौर) की महात्मा हंसराज लाइब्रेरी के तत्वाधान में शनिवार को "शिक्षा और शोध में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का अनुप्रयोग : अवसर और चुनौतियाँ" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय बहुविषयक संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा द्वारा अनुमोदित थी। कार्यक्रम के प्रथम सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और डीएवी गान के साथ हुआ। प्राचार्य प्रो. राजीव महाजन, संगोष्ठी के संयोजक डॉ. सुभाष शर्मा, सह-संयोजक डॉ. नरेंद्र कुमार तथा आयोजन सचिव डॉ. सुखदेव सिंह ने मुख्य वक्ता प्रो. मनोज कुमार जोशी और मुख्य अतिथि प्रो. संजीव शर्मा (अध्यक्ष, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय) का पौधारोपण एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य प्रो. महाजन ने महाविद्यालय प्रांगण में पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज शिक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित कर रही है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. प्रियंका मलिक ने गरिमामयी ढंग से किया। मुख्य वक्ता प्रो. जोशी ने शिक्षा और शोध में एआई की बढ़ती प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए इसके व्यावहारिक उपयोगों की चर्चा की। मुख्य अतिथि प्रो. संजीव शर्मा ने एआई की नैतिक और सामाजिक चुनौतियों को रेखांकित करते हुए इसके समुचित उपयोग पर बल दिया। पहले तकनीकी सत्र में कम्प्यूटर साइंस विभाग के प्रो. चंद्रकांत ने बॉयोमेट्रिक सुरक्षा विषय पर वक्तव्य दिया। एनआईटी कुरुक्षेत्र कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के डॉ अंशु पराशर ने एआई के उच्च शिक्षा में उपयोग पर वक्तव्य दिया। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. बालेश कुमार, लाइब्रेरियन एसडी कॉलेज और डॉ. अनुप्रीत एस टीवाना, प्रोफेसर भूगोल विभाग माता गुजरी कॉलेज, फतेहगढ़ साहिब ने की। दूसरे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. रुपेश गौर और डॉ. अंजू नागपाल ने की। तीसरी तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. अश्विनी शर्मा, डीएवी कॉलेज पेहवा और डॉ. राजेंद्र कुमार, डीएवी कॉलेज साढौरा ने की। डॉ. अजय कुमार अरोड़ा ने प्रौद्योगिकी का पुस्तकालय में प्रयोग विषय पर वक्तव्य दिया। संगोष्ठी के तीन तकनीकी सत्रों में 52 शोधकर्ताओं ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। एआई की संभावनाओं व चुनौतियों पर विचार रखे।



अंबाला। डीएवी कॉलेज में मुख्य वक्ता को पौधा देकर अभिनंदन करते संगोष्ठी के आयोजक।


### कुवि के पंजाबी विभागाध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह ने समापन सत्र की अध्यक्षता की

समापन सत्र की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंजाबी विभागाध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह ने की। संगोष्ठी को सफल बनाने में डॉ. चांद सिंह, डॉ. जसमेर सिंह, डॉ. अत्तिमुक्त, डॉ. गरिमा सुमरान, डॉ. विनय गोयल, डॉ. मधु गोयल और प्रो. मीना मलिक का विशेष योगदान रहा। अंत में संयोजक डॉ. सुभाष शर्मा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। प्रासंगिक विषय और सार्थक विमर्श के कारण इस संगोष्ठी को व्यापक सराहना प्राप्त हुई।

## शहजादपुर में री कृष्ण गउ नंदीशाला में कार्यक्रम आयोजित

# सात गोशालाओं को बांटे 45 लाख के चेक, चारे का संकट होगा खत्म

**कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा बोले, हर जिले में 50 से 500 एकड़ में गोवंश अभ्यारण बनाने की योजना पर काम जारी**


अंबाला। मंत्री श्याम सिंह राणा गोशालाओं को प्रबंधकों को चेक वितरित करते हुए।


मुलाना। गौशाला में गाय को प्रसाद खिलाते विधायक रामकुमार कश्यप व अन्य।

गोशालाओं को शेड निर्माण, सोलर प्लांट स्थापना व अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी सरकार अनुदान देती है।

### इन गोशालाओं को मिले चेक

शहजादपुर स्थित श्री कृष्ण गउ नंदीशाला को 3,85,650 रुपये, प्राचीन पातालेश्वर महादेव गौशाला रजपुरा को 1,43,550 रुपये, बांके बिहारी ट्रस्ट शहजादपुर को 1,13,400 रुपये, श्री कृष्णा गौशाला समिति यंमकेश्वर तीर्थ हुसैनी नारायणगढ़ को 20,67,750 रुपये , महार्षि मारकंडेश्वर नंदीशाला टंगेल (मुलाना) को 6,83,100 रुपये के चेक बांटे गए। इस अवसर पर श्री कृष्ण गऊ नंदीशाला के प्रधान राजेश मित्तल ने मंत्री श्याम सिंह राणा को चार दीवारी व शैड निर्माण को लेकर मांग पत्र भी सौंपा। मौके पर प्रधान राजकुमार, प्रधान अजय गौतम, प्रबंधक सुमन गुप्ता तथा प्रधान रणजीत सिंह के साथ भाजपा मंडल प्रधान विक्रम राणा, नायब तहसीलदार अमित वर्मा, पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉ. दलजीत सिंह, कृषि विभाग के अधिकारी सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शनिवार को श्री कृष्ण गउ नंदीशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पांच गौशालाओं को 33 लाख 93 हजार 450 रुपए की चारा अनुदान राशि के चेक वितरित किए।

यहां अपने संबोधन में राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार गौशालाओं के संरक्षण और गौ-सेवा को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में चारा अनुदान राशि योजना के अंतर्गत यह राशि वितरित की गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार वे नारायणगढ़ विधानसभा के प्रभारी होने के नाते क्षेत्र की विभिन्न गौशालाओं को यह राशि वितरित कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हर जिले में 50 से 500 एकड़ तक गोवंश अभ्यारण बनाने की योजना पर काम कर रही है। इसमें गोबर गैस प्लांट, पानी, चारा एवं अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी ताकि गोवंश का बेहतर संरक्षण व देखभाल हो सके। उन्होंने बताया कि गौशालाओं को शैड निर्माण, सोलर प्लांट स्थापना व अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी सरकार अनुदान देती है। इसके अलावा बेसहारा गोवंश को गौशालाओं तक पहुंचाने का अभियान भी चलाया जा रहा है।

### गोशालाओं के लिए 88 करोड़ जारी

मुलाना। इंद्री के विधायक राम कुमार कश्यप ने बताया कि भाजपा सरकार गौमाता की सेवा में तत्पर है। प्रदेश में गौशाला के संचालन के लिए समय समय पर हरियाणा गउ सेवा आयोग की ओर से ग्रांट भी उपलब्ध करवाई जाती हैं। इसी कड़ी में आज उन्होंने हरियाणा गौसेवा आयोग की ओर से उपलब्ध करवाई गई राशि के चेक गौरी शंकर गउ रक्षा समिति कालपी को 6 लाख 11 हजार 550 रूपए तथा बराड़ा स्थित श्री गोबिंद गउ शाला समिति को 15 लाख 75 हजार 450 रूपए की राशि के चे बांटे। इस दौरान कश्यप ने प्रतिनिधियों से गौशालाओं में रखे गए पशुओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि गौशालाओं के और बेहतर संचालन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लगभग 88 करोड़ रूपए की राशि जारी की गई है। उन्होंने बताया कि गौशालाओं का बेहतर संचालन हो और कोई भी बेसहारा गोवंश सडक़ पर न रहें, उसके लिए हरियाणा गौसेवा आयोग द्वारा भी प्रतिनिधियों के साथ बैठक करके समय रहते कार्य भी किए जा रहें हैं। इस मौके पर गौशालाओं के प्रतिनिधियों ने गौशालाओं के संचालन के लिए मिली राशि पर विधायक आभार भी व्यक्त किया। इस मौके पर जिला महामंत्री कर्मचंद गोल्डी सैनी, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र राणा टोबा, मंडल अध्यक्ष संजीव, मंडल अध्यक्ष डिंपल राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा रमेश पाल नोहनी, मंडल महामंत्री जसवंत सिंह, रमन वासन, बलराम सैनी, गौशाला समिति कालपी से मान सिंह राणा, गौशाला समिति बराड़ा के प्रधान राजेश सिंगला व सुशील जैन, अशोक बंसल, मास्टर बृज मोहन, प्रमोद, हरदीप, रमेश कुमार, राजन, साहब सिंह गुज्जर, श्मशेर गौरी, हन्नी पाहवा, राम कुमार कालपी, जसवंत सिंह, पवन गुप्ता, देवेंद्र बंसल, भूपेंद्र चहल भी मौजूद रहे।


अंबाला। कैंप के दौरान आए मरीजों का रजिस्ट्रेशन करता अस्पताल स्टाफ।

# कैंप में सेहत के साथ आंखों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

**निशुल्क चिकित्सा शिविर में मरीजों को दवाएं भी दी गई**

भगवान वाल्मीकि प्रबंधक कमेटी की ओर से शनिवार को निशुल्क हेल्थ और आंखों का चेकअप कैंप आयोजित किया गया। अंबाला शहर नहान हाउस स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर के समीप कम्युनिटी सेंटर में इन शिविरों का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी अमित पंवार व डॉ. सादिक ने शिरकत की।

यहां पहुंचने पर भगवान वाल्मीकि प्रबंधक कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि अमित पंवार व डॉक्टर सादिक का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद मुख्यअतिथि अमित पंवार व डॉक्टर सादिक ने रिबन काटकर कैंप का शुभारंभ किया। कैंप में आए लोगों का मिशन अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर सादिक व उनकी टीम द्वारा लोगों का चेकअप किया गया। यह कैंप भगवान वाल्मीकी प्रबंधक कमेटी के प्रधान रविकांत की अध्यक्षता में लगाया गया। इस दौरान भगवान वाल्मीकि प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।



### संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में पैरेंट्स मीटिंग

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा करना और अभिभावकों द्वारा दिए गए सुझावों को साझा करना था। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा सह-पाठयक्रम गतिविधियों के अंतर्गत तैयार की गईं सामाजिक विज्ञान, विज्ञान एवं चित्रकला विषयों से संबंधित चार्ट्स, मॉडल्स, वर्किंग मॉडल्स और कलाकृतियाँ प्रदर्शित की गईं।

# महावीर पार्क बंद होने से सैर करने वाले परेशान

**तालाब में दो छात्राओं के डूबने से हुई मौत के बाद से बंद है पार्क**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

एक महीने से महावीर पार्क बंद होने के कारण लोग बेहद परेशान हैं। पार्क को खुलवाने के लिए लोग रोज मांग कर रहे हैं।

हररोज सैर संगठन ने शनिवार को को अपना रोष जताते हुए पार्क को खुलवाने की मांग रखी। संगठन के अधिकारियों ने कहा कि बच्चियों की मौत के बाद से ही पार्क बंद पड़ा है। ऐसे में संगठन के 40 सदस्य इधर-उधर सड़कों पर ही सैर करने को मजबूर हैं।

पार्क खुलवाने के लिए उन्होंने कमिशनर से लेकर मेयर और पूर्व विधायक से भी गुहार लगाई है। मगर उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला है। संगठन के सदस्य रामकुमार गोयल, कैशियर महेंद्र सिंह चावला, प्रदीप बजाज, राजेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष देवराज गुलाटी ने कहा कि रोड पर सुबह के समय ही वाहनों की आवाजाही ज्यादा हो जाती है व आवारा पशु भी घूमते रहते हैं। इसके कारण हादसों का डर सताता रहता है। प्रशासन को चाहिए कि पार्क में झील के साथ लगते एरिया के पास ऊंची ग्रिल लगाकर सेफ्टी का इंतजाम किया जाए।

## जून तक सड़कों की मरम्मत का वादा अधूरा

बराड़ा। विधानसभा के मानसून सत्र में मुलाना की विधायक पूजा ने राज्य की सड़कों की दयनीय स्थिति को लेकर सरकार पर तीखा प्रहार किया। विधायक ने लोक निर्माण मंत्री से सवाल किया कि सरकार द्वारा जून 2025 तक प्रदेश की सभी सड़कों की मरम्मत का जो वायदा किया गया था, उसे पूरा क्यों नहीं किया गया। जवाब में मंत्री ने बताया कि प्रदेश की 30,403 किलोमीटर लंबी सड़कों में से 3,487 किलोमीटर पर काम चल रहा है, जिसे 31 दिसंबर 2025 तक पूरा किया जाएगा। वहीं 6,179 किलोमीटर लंबाई की सड़कों को वर्क प्रोग्राम 2025-26 के तहत मंजूरी दी गई है। इन पर सितंबर से काम शुरू होगा और 31 मार्च 2026 तक पूरा किया जाएगा। मुलाना विस क्षेत्र की बात करें तो यहां पीडब्ल्यूडी की 448 किलोमीटर लंबी सड़कों में से 193.534 किलोमीटर का रखरखाव संविदा एजेंसियों द्वारा किया जा रहा है। 122.769 किलोमीटर सड़कें खराब हालत में हैं जिनकी मरम्मत भी वर्क प्रोग्राम 2025-26 के अंतर्गत सितंबर से शुरू होकर मार्च 2026 तक पूरी होगी।


विधायक पूजा चौधरी।

**ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय व रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर**

# खून की कोई फैक्ट्री नहीं, रक्तदान के जरिए इंसान ही इंसान की बचा सकता है जान: नीति दीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय व रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शैमफॉर्ड स्कूल में राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति दिवस पर भव्य रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 70 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएसपी रहे जबकि विशेष अतिथि के रूप में भाजपा महामंत्री रीचा पहावा तथा मोटिवेशनल स्पीकर बीके नीति दीदी उपस्थित रहीं। नीति दीदी ने रक्तदान को मानवता का सर्वोच्च कार्य बताते हुए कहा कि रक्त की कोई फैक्ट्री नहीं है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए। हमारे रक्त से किसी की जान बच सकती है। यही वास्तविक महादान है। सविता दीदी ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है जिससे समाज में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार होता है। मंच पर रोटरी क्लब के प्रधान हरपाल सिंह, सिविल अस्पताल के एसएमओ. शैमफॉर्ड स्कूल के चेयरमैन इंद्रजीत सिंह, प्रिंसिपल रूबी शर्मा, सुमन शर्मा, राजकुमार सांगवान, दिलप्रीत सिंह, प्रमोद जैन, देविंदर बंसल, हीना पाहवा, राजेश दीवान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक, एंजल स्कूल के मैनेजर पुष्पिंदर राणा, थाना से विश्व बंधु सहित अनेक सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के पदाधिकारी भी शामिल हुए। शिविर में आए सभी रक्तदाताओं का स्वागत तिलक व बैज पहनाकर किया गया तथा उन्हें सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 भाई-बहनों ने सहभागिता की। उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाज सेवा का प्रेरणादायी संदेश दिया।



बराड़ा। रक्तदानियों को बैज लगाते हुए मुख्यातिथि।

■ राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति दिवस पर भव्य रक्तदान शिविर लगाया

## दादी प्रकाशमणि के स्मृति दिवस पर 100 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि के 18वें स्मृति दिवस पर अंबाला शहर के कंचर घर स्थित ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। केंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी के मार्गदर्शन में सिटी प्लाज़ा में शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 100 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। शिविर के शुभारंभ में मुख्यअतिथि डीएसपी विजय ने किया।

उन्होंने ब्रह्माकुमारीज के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी सिर्फ ब्लड डोनेशन कैंप ही नहीं ये नशा मुक्ति अभियान में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। ये बड़ी ईमानदारी से काम कर रही हैं। समाज सुधार में इनका बहुत ही विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन भी ब्रह्माकुमारीज के ऐसे कार्यों में उनका सदा से सहयोग करता रहा है। उन्होंने स्वयं भी ब्लड डोनेट किया। विशिष्ट अतिथि अनुज अग्रवाल ने कहा कि उन्हें ये बहुत अच्छा लगा कि ब्रह्माकुमारीज परिवार ने रक्तदान के लिए इस स्थान को चुना।


उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को एक बार जीवन में जरूर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान के लिए सभी को आगे आना चाहिए। ताकि जरूरतमंदों की जान बचाई जा सके। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने बताया कि 22 से 25 अगस्त तक देश और नेपाल के विभिन्न सेवा केंद्र इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। आगामी वर्ल्ड ब्रदर हुड ब्लड डोनेशन 2025 को भी एक विश्व रिकॉर्ड प्रयास के रूप में दर्ज किए जाने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। रक्तदान न केवल किसी जरूरतमंद को जीवन देता है बल्कि समाज में करुणा, सहयोग और भाईचारे की भावना को भी सशक्त करता है। शिवानी दीदी ने अपने संदेश में कहा कि प्रकाशमणि दादी ने अपना संपूर्ण जीवन ईश्वरीय सेवा और मानव कल्याण के लिए समर्पित किया। उनकी शिक्षाएं अब भी लोगों को सच्चाई सेवा और विश्व बंधुत्व के मार्ग पर प्रेरित कर रही हैं।

# भगवान गणपति के प्रसिद्ध-भव्य मंदिर

विशेषः गणेश चतुर्थी
27 अगस्त

आवरण कथा
रजनी अरोड़ा

भारतीय धार्मिक परंपराओं में भगवान गणेश का स्थान सभी देवताओं में सर्वप्रथम पूज्यनीय माना जाता है। प्रतिवर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेशोत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर देश के अलग-अलग राज्यों में स्थित भगवान गणेश के मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होते हैं। इनमें से कुछ भव्य-प्रसिद्ध मंदिरों के बारे में यहां बता रहे हैं।

## श्री सिद्धिविनायक मंदिर (मुंबई) महाराष्ट्र

**यह भारत** में गणेश जी के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। इस मंदिर का निर्माण 1801 में लक्ष्मण विठु और देउबाई पाटिल ने कराया था। इस मंदिर में गणपति बप्पा की प्रतिमा को काले पत्थर पर तराश कर बनाया गया है और गणपति जी अपनी दोनों पत्नी रिद्धि-सिद्धि के साथ यहां विराजमान हैं। पहले सिद्धिविनायक मंदिर की मूल संरचना काफी छोटी थी, लेकिन बाद में इस मंदिर का पुनर्निर्माण कराया गया। आज यह मंदिर पांच मंजिला बन चुका है। यहां गणेश जी को सिद्धिविनायक कहा जाता है, क्योंकि उनकी मूर्ति की सूंड़ दाईं ओर मुड़ी हुई है और सीधी पेट से जुड़ी हुई है। गणेशजी को नवसाचा गणपति भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है कि अगर आप सच्चे मन से कुछ मांगते हैं, तो वह अवश्य प्राप्त होता है। यहां रोजाना लाखों की संख्या में भक्त गणपति बप्पा के दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर प्रांगण में एक अस्पताल भी है, जहां लोगों का मुफ्त इलाज किया जाता है। इसके अलावा मंदिर में रसोईघर, प्रवचन मंडप और गणेश संग्रहालय भी हैं। *



## उच्ची पिल्लैयार मंदिर तमिलनाडु

**तिरुचिरापल्ली के** रॉकफोट के शिखर पर यह मंदिर स्थित है। पल्लवों द्वारा चट्टान को काटकर निर्मित कराए गए इस मंदिर की शैल वास्तुकला अद्भुत है। इस मंदिर की कहानी रामायण काल से जुड़ी हुई है। रावण को पराजित करने के बाद भगवान राम ने विष्णु जी की एक मूर्ति विभीषण को लंका ले जाने के लिए दी थी। देवी-देवता ऐसा नहीं चाहते थे। इसलिए गणेश जी ने एक ग्वाले का रूप लिया और विभीषण को मूर्ति लंका ले जाने से रोका। विभीषण ने क्रोधित होकर उस ग्वाले के सिर पर वार किया, जिससे उसके सिर पर एक निशान पड़ गया। उसके बाद गणेश जी अपने असली रूप में आए। विभीषण ने उनसे माफी मांगी। आज भी इस मंदिर में स्थापित प्रतिमा के सिर पर एक निशान है। इस मंदिर तक पहुंचने के लिए 417 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। यहां रोजाना भगवान गणेश की 6 आरतियां की जाती हैं। 10 दिन का गणेश चतुर्थी उत्सव यहां बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। *

## कनिपक्कम विनायक मंदिर आंध्र प्रदेश

**चित्तूर में** स्थित कनिपक्कम विनायक, गणपति का एक विशेष मंदिर है। यह मंदिर नदी के बीचों-बीच स्थित है। इस मंदिर को 11वीं सदी में चोल राजा कोलोत्तुम चोल प्रथम ने बनवाया था। बाद में 14वीं सदी के प्रारंभ में विजयनगर साम्राज्य के शासकों ने इस मंदिर का विस्तार कराया। यह मंदिर अपनी प्राचीन शिल्प कला और खूबसूरत डिजाइन के लिए विख्यात है। यहां गणेश जी की मूर्ति स्वयंभू (स्वतः प्रकट) है। लेकिन पिछले कई सालों से चमत्कार स्वरूप इस मंदिर में भगवान गणेश की मूर्ति के पेट और घुटने का आकार लगातार बढ़ रहा है। यहां ब्रह्मोत्सवम और गणेश चतुर्थी का उत्सव 21 दिनों तक चलता है। इस मंदिर को पानी के देवता का मंदिर भी कहा जाता है। तिरुपति मंदिर से 75 किलोमीटर दूर स्थित इस मंदिर में भक्त प्रथम पूज्य गणेश के दर्शन के लिए जरूर आते हैं। मान्यता है कि यहां पवित्र जल में डुबकी लगाने से सभी समस्याओं का समाधान हो जाता है। *





## रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश मंदिर राजस्थान

**यह मंदिर** राजस्थान प्रांत में सवाई माधोपुर जिले में स्थित है, जिसे 10वीं सदी में रणथंभौर के राजा हमीर ने बनवाया था। यह विश्व धरोहर में शामिल रणथंभौर दुर्ग के भीतर बना है। यहां गणेश जी को रणतभंवर रणक भंवर नाम से भी जाना जाता है। पूरी दुनिया में यह ऐसा अनूठा मंदिर है, जहां गणेश जी की मूर्ति का रंग नारंगी है और अपने पिता शिवजी के समान तीन नेत्रों को धारण करके विराजमान हैं। इसकी एक और खासियत है कि यहां भगवान गणेश के पूरे परिवार को स्थापित किया गया है। इसमें गणेश जी अपनी दोनों पत्नियों रिद्धि-सिद्धि और पुत्रों शुभ-लाभ के साथ शोभायमान हैं। पौराणिक मान्यता है कि हजारों साल पहले भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणि के विवाह का निमंत्रण-पत्र इस मंदिर में भेजा गया था। तब से यह मंदिर भगवान को निमंत्रण-पत्र भेजने के लिए मशहूर है। स्थानीय लोगों के घर जब कभी शादी-ब्याह जैसा कोई मंगल कार्य होता है, तो वो सबसे पहले गणेश जी के नाम कार्ड भेजना नहीं भूलते, यानी अपना न्यौता रणथंभौर के गणेश मंदिर में देते हैं। गणेश चतुर्थी के मौके पर यहां हर साल भव्य गणेश मेला भी लगता है। *





## बड़े गणेश जी का मंदिर म.प्र.

**मध्य प्रदेश** के उज्जैन में प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर के पास स्थित बड़े गणेश जी का यह भव्य मंदिर है। इस मंदिर में स्थापित गणपति जी की प्रतिमा विश्वभर में स्थापित विशाल मूर्तियों में से एक है, जिसका निर्माण महर्षि गुरु महाराज सिद्धांत वागेश पं. नारायण जी व्यास ने करवाया था। गणपति बप्पा की इस मूर्ति में सीमेंट के बजाय गुड़ और मेथी दानों के साथ ईंट, चूने और रेत का प्रयोग किया गया है। मूर्ति को बनाने में सभी पवित्र तीर्थ स्थलों का जल और सात मोक्षपुरियों-मथुरा, द्वारिका, अयोध्या, कांची, उज्जैन, काशी और हरिद्वार से लाई हुई मिट्टी भी मिलाई गई है। इस वजह से इस मंदिर की मान्यता और बढ़ गई है। *



## बाल गणपति मंदिर गोवा

**गोवा के** पोंडा में स्थित यह मंदिर भगवान गणेश के बाल स्वरूप को समर्पित है। जहां उनकी पूजा छोटे बच्चे के रूप में की जाती है। मंदिर का वातावरण अत्यंत शांत और भक्तिमय है, जो भक्तों को अलग तरह का आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है। मंदिर की वास्तुकला गोवा की पारंपरिक और आधुनिक शैलियों का सुंदर समायोजन है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक दर्शन के लिए आते हैं। मान्यता है कि यहां दर्शन करने से जीवन में आने वाले संकट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर यहां विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है। *

गणेश चतुर्थी से पूरे देश और विशेषकर महाराष्ट्र में गणेशोत्सव का उल्लास देखते ही बनता है। सामाजिक और सांस्कृतिक एकता के प्रतीक इस उत्सव का ऐतिहासिक महत्व भी कम नहीं है। यहां इसके शुभ मुहूर्त और पूजन के बारे में भी बता रहे हैं।

# सामाजिक-सांस्कृतिक एकता का अद्वितीय प्रतीक है गणेशोत्सव



पर्वोल्लास / आर.सी. शर्मा

गणेश चतुर्थी यानी देशभर में मनाया जाने वाला गणेशोत्सव का पर्व महज धार्मिक पर्व भर नहीं है। यह हमारे देश की सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का एक मजबूत प्रतीक भी है।

**प्रतिमा स्थापना-पूजनः** गणेश चतुर्थी का पर्व हर साल भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन मनाया जाता है। इस दिन देशभर में बड़ी धूमधाम से गणपति प्रतिमाओं की स्थापना होती है। इस साल 26 अगस्त 2025 की दोपहर 1 बजकर 54 मिनट से प्रारंभ होकर 27 अगस्त 2025 की रात तक गणपति स्थापना का शुभ मुहूर्त है। इस तरह दो दिन से लेकर 10 दिन तक मनाए जाने वाले गणेशोत्सव की शुरुआत 27 अगस्त 2025 से होगी। इस साल 27 अगस्त को गणपति स्थापना के बाद 6 सितंबर 2025 यानी अनंत चतुर्दशी के दिन तक यह पर्व मनाया जाएगा। इसके बाद गणपति विसर्जन होगा।



**अगर कर रहे प्रतिमा स्थापितः** गणेश पुराण के मुताबिक गणेश चतुर्थी को भगवान गणेश का जन्म हुआ था। इसलिए भक्तगण इस दिन अपने घरों या सार्वजनिक पूजा स्थलों पर गणेश प्रतिमा स्थापित करते हैं। अगर आप पहली बार अपने घर में विघ्न विनाशक गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं तो कुछ बातों का विशेष रूप से ध्यान रखें। जिन गणेश प्रतिमाओं में उनकी सूंड़ बाईं तरफ होती है, ऐसी प्रतिमाओं को घर लाना शुभ माना जाता है। अगर इस बार आपका पहला गणपति स्थापना उत्सव है, तो अपने घर बैठी हुई प्रतिमा ही लाएं, जो सुख, समृद्धि का प्रतीक होती है। भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना हमेशा ईशान कोण में करनी चाहिए।

गणपति प्रतिमा स्थापना काठ की चौकी पर करना सबसे पवित्र होता है। लेकिन इस चौकी में गणपति स्थापना के पहले इसकी गंगा जल से पवित्र कर लेना चाहिए। गंगा जल और पंच द्रव्यों से चौकी की धुलाई करने के बाद उस पर लाल कपड़ा बिछाकर भगवान गणेश को प्रतिस्थापित करना चाहिए। ध्यान रखें, आपकी स्थापित मूर्ति में गणेश जी का हाथ आशीर्वाद देती मुद्रा में होना चाहिए और उनके दूसरे हाथ में मोदक होना चाहिए। भगवान गणेश की ऐसी प्रतिमा को सबसे शुभ माना जाता है।

**महाराष्ट्र का भव्य पर्वः** यूं तो पूरे देश में गणेश चतुर्थी का पर्व खूब धूम-धाम से मनाया जाता है। लेकिन महाराष्ट्र में इस पर्व को लेकर देश में सबसे ज्यादा उल्लास होता है। हो भी क्यों न, आखिर आधुनिक गणेश उत्सव की शुरुआत सन 1893 में महाराष्ट्र से ही हुई थी। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने 1893 में गणेश चतुर्थी के पर्व को आधुनिक सार्वजनिक उत्सव का रूप दिया और इस तरह अंग्रेजों के विरुद्ध देशवासियों को सामाजिक एकता के जरिए एकत्रित किया। आज का गणेशोत्सव बहुत कुछ उसी दौर की परंपरा का विस्तार है। यहां गणेशोत्सव सामुदायिक भावना, संगीत, नृत्य, कला, अनुराग और मिलन का इंद्रधनुषी पर्व बन चुका है। इसलिए महाराष्ट्र में यह पर्व धार्मिकता से बढ़कर पहचान और सांस्कृतिक विरासत के उत्सव का रूप ले चुका है। हालांकि महाराष्ट्र में भी यूं तो गणेशोत्सव हर गली, हर घर और हर मुहल्ले में किसी न किसी रूप से मनाया जाता है।

लेकिन मुंबई और पुणे ये दो ऐसे शहर हैं, जहां गणेशोत्सव सबसे ज्यादा धूमधाम के साथ मनाया जाता है। मुंबई और पुणे में यह पर्व उत्सव की धूम के साथ-साथ हर साल बढ़ती भव्यता के रूप में भी देखा जाता है। महाराष्ट्र राज्य में गणेशोत्सव को राज्योत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसलिए यहां सिर्फ घरों में ही नहीं मैदानों और सोसाइटीज में भी गणपति के भव्य पंडाल लगाए जाते हैं और अगले दस दिनों तक पूरे राज्य में गणपति बप्पा के जयकारे गूंजते हैं। महाराष्ट्र का भव्य गणेशोत्सव आज न सिर्फ भारत में, विदेशों में भी अपनी पहचान कायम कर चुका है।

**मुंबई-पुणे की प्रसिद्ध गणेश पूजाः** मुंबई में लालबागचा का राजा यानी लाल बाग में स्थापित की जाने वाली गणेश प्रतिमा का उत्सव सबसे ज्यादा धूमधाम से मनाया जाता है। लालबाग के पंडाल में गणेश प्रतिमा स्थापित हो जाने के बाद यहां महाराष्ट्र और देश-विदेश के कोने-कोने से आने वाले भक्तों का तांता लगा रहता है। माना जाता है कि लालबागचा के राजा यानी नौ साझा गणपति का एक बार दर्शन भर कर लेने से मनोकामना पूरी हो जाती है। इसलिए मुंबई के लालबाग इलाके में स्थापित गणेश प्रतिमा के इस पूरे उत्सव के दौरान करोड़ों भक्त दर्शन करते हैं। लालबाग के बाद मुंबई में गिर गांव चौपाटी और केतवाड़ी, सिद्धिविनायक मंदिर में स्थापित होने वाले गणेश पंडाल सबसे ज्यादा भव्य होते हैं, जहां हर दिन गणपति के दर्शन के लिए लाखों भक्त आते हैं।

मुंबई के बाद कुछ विशेष गणेश पंडालों के आकर्षण का यह जलवा पुणे शहर में भी दिखता है। विशेषकर यहां दगडु सेठ हलवाई गणपति टेंपल और तुलसी बाग गणपति का जिक्र होता है। पूरे महाराष्ट्र भर से ही नहीं देश के विभिन्न स्थानों से भी इन पंडालों में गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने लोग आते हैं। *



## ग़ज़ल

अवतार सिंह अक्षरजीवी

जितना लिखा था नसीब में उतना मिल गया
थोड़ा रह गया प्यार थोड़ा मिल गया
जिंदगी के पहाड़ पर चढ़ते-चढ़ते मुझे
कभी सहारा मिला कभी धक्का मिल गया
सुख-दुख का मुझसे हिसाब नहीं होता
कितना नहीं मिला कितना मिल गया
मुझे हर इंसान, इंसान जैसा ही मिला
पहले भरोसा मिला फिर धोखा मिल गया
मैंने खुद को सोचने की छूट ज्यादा क्या दी
मुझे डर और चिंताओं का काफिला मिल गया
कभी ऐसा सोऊं कि फिर जागूं ही नहीं मैं
अंधेरा कट जाए लगे कि सवेरा मिल गया

## लघुकथाएं

# एक अकेला



सेवानिवृत्त अध्यापक आत्माराम जी हर मौसम में अपने साथ छाता लिए बिना घर से बाहर नहीं निकलते। छाता और आत्माराम मानो एक-दूसरे के पूरक बन चुके हैं। पीठ पीछे कुछ लोग उन्हें छाताराम, छतरीवाला, अंब्रेला मैन कह कर हंसी उड़ाते हैं। आत्माराम जी के घनिष्ठ मित्र चतुरमल ने उन्हें एक बार समझाने की कोशिश की तो वह बोले, 'देखो भाई, लोगों द्वारा पीठ पीछे खिल्ली उड़ाने के कारण मैं अपनी सेहत से समझौता नहीं कर सकता। धूप में बिना छाते के चलने पर त्वचा झुलस जाती है, लू लगने का खतरा रहता है। बारिश के मौसम में भीगकर सर्दी-जुकाम होने का डर रहता है। लोगों की परवाह किए बिना अपनी पसंद की वेशभूषा पहनना, घूमना-फिरना और रहना चाहिए।' आत्माराम की बात के आगे चतुरमल चुप रह गए।

आत्माराम जी को एक विवाह समारोह में शामिल होना था। उन्होंने नए कपड़े पहने। छाता लेकर घर से निकलने लगे तो पत्नी शांति ने उन्हें टोका, 'नए कपड़े के साथ पुराना छाता टाट में पैबंद लग रहा है। अभी तो पानी भी नहीं बरस रहा है। काहे छाता लेकर जा रहे हो?'

'आजकल बारिश का कोई भरोसा नहीं होता है। नवंबर, दिसंबर और मार्च, अप्रैल में भी पानी गिरते देखा है। अभी तो अगस्त का महीना है।' आत्माराम ने पत्नी को जवाब दिया और प्रतिक्रिया जाने बिना घर से निकल गए।

आत्माराम जी को विवाह समारोह में पीठ पीछे यूं छाता लटकाए देखकर कुछ लोग मुस्कुराए। कइयों ने अपनी हंसी को मुश्किल से रोका। आत्माराम सभी से आत्मीयता से मिले। वर-वधु को आशीर्वाद दिया। भोजन किया। इतने में बारिश होने लगी। जो लोग कार में आए थे, वे सब निश्चिंत दिखे। बाकी लोगों के पास बरसात थमने की प्रतीक्षा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। आत्माराम ने अपना छाता खोला और बेफिक्र होकर अपने घर की ओर चल पड़े। वो लोग जो, अभी कुछ देर पहले उन पर हंस रहे थे, उन्हें देखते रह गए। *

-अशोक वाधवाणी

# नाक का सवाल!

आज गुप्ता परिवार में विवाह की पचासवीं वर्षगांठ मनाने की तैयारी थी। इस अवसर पर लगभग सभी रिश्तेदारों को बुलाया गया।

'बड़े भैया नहीं आए अभी तक... काफी देर हो चुकी है।' गुप्ता जी ने अपनी पत्नी से कहा।

'आ जाएंगे... थोड़ा और इंतजार कर लीजिए।' पत्नी ने जवाब दिया।

उसी समय बड़े भैया ने समारोह स्थल पर पैर रखे। नशे में चूर, उनके कदम लड़खड़ा रहे थे।

'भैया आपने शराब पी रखी है, आपने तो जीवन में कभी शराब को छुआ तक नहीं... और आज...!' गुप्ता जी ने उन्हें संभालते हुए पूछा।

'अरे तुमने मेरा दिल जलाया है.. दिल... नाक कटवा दी मेरी... जब मैंने अपने विवाह की पचासवीं वर्षगांठ नहीं मनाई तो तुमने क्यों मनाई... मुझे नीचा दिखाने के लिए। लोग क्या कहेंगे कि बड़ा भाई कंजूस.. मक्खीचूस निकला।' बड़े भैया ने लड़खड़ाती आवाज में जवाब दिया।

'अरे भैया न दिल जलाया आपका और न ही नाक कटी आपकी। बल्कि आपकी नाक रख ली मैंने। आज आपकी ही तो शादी की सालगिरह है। वहां देखिए, भाभी जी बन-संवर के आपकी प्रतीक्षा कर रही हैं।' गुप्ता जी ने स्टेज की तरफ इशारा किया। बड़े भैया ने जैसे ही स्टेज पर अपनी पत्नी को देखा, उनका नशा छू-मंतर हो गया। उनके मुंह से निकला, 'भाई हो तो ऐसा...!' *


-गोविंद भारद्वाज



पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

# दिल्ली मेट्रो की कहानी

दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले लोग ही नहीं, देश-विदेश से यहां आने वाले लोग भी दिल्ली मेट्रो में सफर करने पर इसकी तारीफ किए बिना नहीं रह पाते हैं। वास्तव में पिछले लगभग तेईस वर्षों से दिल्ली मेट्रो, यहां की लाइफलाइन की भूमिका बखूबी निभा रही है। इसकी परिकल्पना, इसकी शुरुआत, इसकी विशेषतओं और फिर निरंतर इसके होते विस्तार की यात्रा-कथा को आंकड़ों, चित्रों और विवरणों के जरिए ऋषिराज ने बहुत सलीके से 'दिल्ली की जीवनरेखाः दिल्ली मेट्रो' पुस्तक में संजोया है। मेट्रो मैन के नाम से विख्यात दिल्ली मेट्रो के कर्णधार ई. श्रीधरन की उपलब्धियों और उनकी कार्यकुशलता के बारे में भी पुस्तक में एक अध्याय है। इसके अलावा लंदन मेट्रो, पेरिस मेट्रो, टोरंटो मेट्रो और न्यूयॉर्क मेट्रो जैसी विदेशी मेट्रो सेवाओं से दिल्ली मेट्रो का तुलनात्मक विवरण भी दिलचस्प है। इस किताब में दिल्ली मेट्रो के आय के स्रोत, इसकी पर्यावरणीय संवेदनशीलता और इसके बारे में अति विशिष्ट लोगों के अनुभवों को भी अलग-अलग अध्यायों में संकलित किया गया है। डीएमआरसी में एजीएम (ऑपरेशंस) के पद पर कार्यरत लेखक ने अपने कार्यक्षेत्र से जुड़ी कुछ मधुर स्मृतियों को भी रोचक शैली में पुस्तक में दर्ज किया है। *




**पुस्तकः** दिल्ली की जीवनरेखाः दिल्ली मेट्रो,
**लेखकः** ऋषि राज, **मूल्यः** 460 रुपए,
**प्रकाशकः** नेशनल बुक ट्रस्ट, भारत



हाल में ही भारत (इसरो) और अमेरिका (नासा) के संयुक्त प्रयास से निर्मित हाईटेक स्पेस राडार सिस्टम-निसार को अंतरिक्ष में भेजा गया। यह पावरफुल सिस्टम धरती के हर हिस्से की बारीकी से तस्वीर लेने में सक्षम है। कैसे भेजा गया निसार, कैसे करेगा यह अपना काम और क्या हैं इसकी विशेषताएं, इस बारे में विस्तार से जानिए।

## अंतरिक्ष से धरती पर रखेगा नजर
# नया स्पेस राडार निसार

उपलब्धि / शिखर चंद जैन

निसार राडार, अंतरिक्ष विज्ञान की नवीनतम उपलब्धि है। यह अंतरिक्ष से हमारी पृथ्वी पर कुछ ऐसे ही नजर रखता है मानो कोई सीसीटीवी कैमरा 24 घंटे निगरानी रख रहा हो।

**क्या है निसार राडार:** यह एक सुपर उपग्रह है, जो दिन-रात, हर मौसम में हमारी पृथ्वी की तस्वीरें लेगा और हमें बताएगा कि हमारा ग्रह कैसे बदल रहा है। इसका पूरा नाम नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर राडार (निसार) है। इसे भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो और अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मिलकर बनाया है। यह एक अंतरिक्ष यान जैसा है, जो पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगाएगा और हमारी धरती की तस्वीरें लेगा। लेकिन ये तस्वीरें कोई साधारण फोटोग्राफ नहीं होंगे। निसार एक खास तकनीक, जिसे सिंथेटिक अपर्चर राडार कहते हैं, का इस्तेमाल करता है। यह तकनीक इतनी शक्तिशाली है कि यह बादलों, बारिश, रात या दिन हर समय पृथ्वी की सतह की साफ-साफ तस्वीरें ले सकती है। यह उपग्रह हर 12 दिन में पूरी पृथ्वी को स्कैन करेगा और हमें ऐसी जानकारी देगा, जो पहले कभी इतने विस्तार से नहीं मिलती थी।

**कैसे शुरू हुआ मिशन:** अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में निसार मिशन भारत और अमेरिका की वैज्ञानिक उपलब्धियों का एक शानदार उदाहरण है। इसरो और नासा ने 2014 में इस मिशन के लिए साझा काम शुरू किया था। दोनों ने मिलकर इस उपग्रह को डिजाइन किया, जिसमें दोनों देशों की तकनीकी ताकत का इस्तेमाल हुआ है। नासा ने इसमें एल-बैंड राडार, एक बड़ा 12 मीटर का एंटीना, जीपीएस रिसीवर और डेटा रिकॉर्ड करने के लिए सॉलिड-स्टेट रिकॉर्डर लगाया है। इसरो ने एस-बैंड राडार, अंतरिक्ष यान का मुख्य ढांचा (सैटेलाइट बस) और इसे अंतरिक्ष में भेजने के लिए जीएसएलवी-एफ 16 रॉकेट दिया। यह उपग्रह 2,392 किलोग्राम वजनी है, यानी यह एक छोटी कार जितना भारी है। इसे 30 जुलाई 2025 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से अंतरिक्ष में भेजा गया।

**निसार की विशेषताएं:** निसार दूसरे उपग्रहों या राडारों से कई मामलों में अलग और विशिष्ट है। इसमें दो तरह के राडार हैं- एल-बैंड और एस-बैंड। ये दोनों मिलकर बहुत सटीक तस्वीरें लेते हैं। एल-बैंड लंबी तरंगों (24 सेंटीमीटर) का इस्तेमाल करता है, जो जंगलों और मिट्टी के अंदर तक देख सकता है। एस-बैंड छोटी तरंगों (12 सेंटीमीटर) का इस्तेमाल करता है, जो सतह की बारीक जानकारी देता है। यह हर मौसम में काम करने में सक्षम है। अंधेरा हो या उजाला, बारिश हो या धुंध, निसार हमेशा काम करता है, क्योंकि यह राडार तकनीक का इस्तेमाल करता है, न कि कैमरे का। इसका बड़ा एंटीना इसकी विशेषता है। निसार का 12 मीटर लंबा एंटीना सोने की परत वाली जाली से बना है। यह एक बड़े छाते जैसा लगता है। निसार हर 12 दिन में पूरी पृथ्वी का नक्शा बनाएगा और 242 किलोमीटर चौड़े क्षेत्र को स्कैन करेगा। यह सेंटीमीटर स्तर की सटीकता से बदलावों को देख सकता है। निसार से मिलने वाली जानकारी पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के लिए मुफ्त उपलब्ध होगी।





**निसार कैसे काम करता है:** आप जरूर जानना चाहेंगे कि यह उपग्रह इतनी सटीक तस्वीरें कैसे खींच लेता है? दरअसल, यह राडार सिग्नल पृथ्वी की सतह की ओर भेजता है। ये तरंगें सतह से टकराकर वापस इसके पास पहुंचती हैं। वापस आने वाली तरंगों को निसार का एंटीना पकड़ता है। इससे यह पता चलता है कि सतह कैसी है- चट्टान, पानी, बर्फ या जंगल। इन सिग्नलों को कंप्यूटर की मदद से तस्वीरों में बदला जाता है। ये तस्वीरें इतनी साफ होती हैं कि छोटे-छोटे बदलाव भी दिख जाते हैं, जैसे कि एक पहाड़ का हल्का-सा खिसकना। फिर निसार अपने डेटा को पृथ्वी पर मौजूद स्टेशनों को भेजता है, जहां वैज्ञानिक इसे अध्ययन करते हैं।

**निसार की जिम्मेदारी:** निसार एक सुपर स्मार्ट उपग्रह है, जो पृथ्वी की सतह को बहुत ध्यान से देखता है। यह हमें बताएगा कि हमारी धरती में क्या-क्या बदलाव हो रहे हैं? इसके मुख्य दायित्वों होंगे-

**प्राकृतिक घटनाओं पर नजर:** निसार भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी विस्फोट और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं को समझने में मदद करेगा। यह हमें पहले से चेतावनी दे सकता है, ताकि लोग सुरक्षित रहें। यह उपग्रह ग्लेशियरों के पिघलने, समुद्र के स्तर में बढ़ोतरी और जंगलों में बदलाव को देखेगा। इससे हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि हमारी धरती जलवायु परिवर्तन से कैसे प्रभावित हो रही है।

**कृषि और जंगल की निगरानी:** निसार मिट्टी की नमी, फसलों की स्थिति और जंगलों की कटाई की जानकारी देगा। यह किसानों को बेहतर खेती करने में मदद करेगा।

**महासागरों और बर्फ की निगरानी:** यह समुद्र में बर्फ, तूफान और जहाजों की गतिविधियों पर नजर रखेगा। साथ ही यह शहरों के विकास और सड़कों, पुलों जैसी संरचनाओं की स्थिति को भी देखेगा।

**कब तक काम करेगा निसार:** निसार को कम से कम तीन साल तक काम करने के लिए डिजाइन किया गया है। हालांकि उपग्रह में उपयोग होने वाली सामग्री को 5 वर्ष तक चलने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका मतलब है कि प्राथमिक मिशन 3 साल तक चलेगा, लेकिन यदि आवश्यक हो तो इसे अतिरिक्त समय तक संचालित किया जा सकता है। यह पृथ्वी से 743 किलोमीटर ऊपर सूर्य-समकालिक कक्षा में चक्कर लगाएगा। इस कक्षा में यह हमेशा सूरज की रोशनी में रहेगा, जिससे इसे ऊर्जा मिलती रहेगी। इसका डेटा भारत और अमेरिका के वैज्ञानिकों के साथ-साथ पूरी दुनिया के साथ साझा किया जाएगा। *

### अंतरिक्ष राडार का इतिहास

राडार का आविष्कार द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हुआ था। मुख्य रूप से रॉबर्ट वाटसन को इसका श्रेय दिया जाता है। यह तकनीक रेडियो तरंगों का उपयोग करके वस्तुओं की दूरी, गति और दिशा का पता लगाने के लिए विकसित की गई थी।

शुरुआत में, राडार का उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए किया गया, जैसे कि दुश्मन के विमानों का पता लगाना। राडार सिस्टम का उपयोग अंतरिक्ष यानों की स्थिति, गति और कक्षा को मॉनिटर करने के लिए किया गया।

## पहचानें अपनी कमजोरियां
# आत्मविश्वास से बढ़ें आगे

मनचाही सफलता पाने के लिए सबसे जरूरी गुण है आत्मविश्वास। और आत्मविश्वास तभी मजबूत होता है, जब आप अपनी कमजोरियों को स्वीकार करते हुए उन्हें दूर करने का प्रयास करते हैं। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

सेल्फ इंप्रूवमेंट
अंजू जैन



इस दुनिया में कुछ भी ऐसा नहीं है, जो संपूर्ण हो। चल-अचल, सजीव-निर्जीव हर रचना में कोई न कोई खामी है और किसी न किसी मायने में हर वस्तु, व्यक्ति, जीव और परिस्थिति अधूरी या कमजोर है। फिर ऐसा कैसे हो सकता है कि हमारे व्यक्तित्व, कार्यक्षमता, बौद्धिक-शारीरिक क्षमता या स्वभाव में कोई कमी न हो? इसलिए हमें अपनी कमजोरियों को लेकर विचलित, दुःखी या निराश होने की बजाय इनको पहचानना चाहिए और इनके प्रति सहज रहते हुए पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे की कार्ययोजना बनानी चाहिए।

**अपने डर के साथ आगे बढ़ें:** आत्मविश्वासी बनने के बारे में सबसे गलत धारणा यह है कि इसका मतलब है निडर होकर जीना जबकि आत्मविश्वास की वास्तविक परिभाषा इसके बिल्कुल विपरीत है। इसका मतलब है, हम हमारे लिए महत्वपूर्ण और मायने रखने वाले कामों को करते समय अपने भीतर की कमजोरियों और डर के साथ आगे बढ़ने को तैयार हैं। किसी बात को लेकर जब हमारे भीतर संशय हो और फिर भी हम आगे बढ़ने को तैयार हों तो इससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है लेकिन अगर हम केवल वही काम करेंगे, जिसके बारे में हम आश्वस्त हैं तो हमारा आत्मविश्वास कभी पूर्व स्तर से आगे नहीं बढ़ सकता।



**डर को हावी न होने दें:** परिस्थितियों को अपने ऊपर हावी मत होने दें। दूसरा कोई नहीं, केवल आप खुद ही अपनी परिस्थितियों को बदल सकते हैं। हाल ही में फेमस एक्टर डायरेक्टर जैकी चान कहते हैं, 'जिंदगी हमें हराएगी लेकिन उससे मुकाबला करना जरूरी है।' फारसी कवि मौलाना मोहम्मद जलालुद्दीन रूमी ने कहा है, 'अपने जीवन के बेहद खराब दौर में हार ना मानें, क्योंकि यही से आपकी राह बदलेगी।' आपकी पीड़ाएं और कमजोरियां कुछ कहने की कोशिश करती हैं, इनको समझने की कोशिश करें। महत्वपूर्ण यह है कि आप इनकी आवाज को कितना समझते हैं और उस पर कितनी और कैसी प्रतिक्रिया देते हैं?

**कमजोरी से दोस्ती करें:** हमें यह पहचानना चाहिए कि हमारा डर हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में किस तरह से मदद कर सकता है? चर्चित पुस्तक 'व्हाई हैज नोबडी टोल्ड मी दिस बिफोर' में डॉ. जूली स्मिथ ने इस संदर्भ में बहुत गहरी बात कही है। उन्होंने लिखा है, 'आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए यह बेहद जरूरी है कि हम अपनी कमजोरी से दोस्ती करें, क्योंकि यह कुछ समय के लिए आत्मविश्वास के बिना रहने का एकमात्र तरीका है।' आत्मविश्वास तभी बढ़ सकता है, जब हम इसके बिना रहने को तैयार होंगे, जब हम डर के साए में कदम रख सकें। यही साहस हमारे आत्मविश्वास को जमीन से ऊपर उठाता है। साहस पहले आता है, आत्मविश्वास उसके बाद।

**लोगों को न बताएं कमजोरियां:** आपकी कमजोरियां आपकी टॉप सीक्रेट लिस्ट में होनी चाहिए। व्यवहार विशेषज्ञ कहते हैं, लोगों से अपनी तकलीफें और कमजोरी बताने की आदत ना डालें। किसी से ऐसा ना कहें कि आप बीमार रहते हैं और भीतर से टूट चुके हैं। ना ही किसी से अपनी विपरीत परिस्थितियों का जिक्र करें। अपने पुराने दुखों और संघर्षों की वजह से खुद को उदास और चिड़चिड़ा ना बनाएं। पुस्तक 'नो युअर हिडेन पोटेंशियल' में कहा गया है, कई लोग जानते ही नहीं कि वे बेचैन क्यों हैं? अपनी इच्छाओं और कमजोरी को पहचानना शुरू करेंगे तो अपनी ऊर्जा का बेहतर इस्तेमाल कर पाएंगे।'

**व्यक्तित्व के हर पहलू को समझें:** खुद को वैसे ही स्वीकार करें, जैसे आप हैं। अपने साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करें, जैसा कि आप दूसरों के साथ करते हैं। 'एक्नॉलेज द टोटेलिटी ऑफ योर बीइंग' में समझाया गया है कि आप अपने हर पहलू को स्वीकार करना सीखें। इससे आप खुद के प्रति नरम और सकारात्मक हो जाते हैं। जब हम अपनी नकारात्मक भावनाओं और कमजोरी को कोई अनहोनी बड़ी बात या डरने वाली बात मानना बंद कर देते हैं तो ये चीजें आपको ज्यादा निराश नहीं करतीं। इन्हीं के साथ अपनी शक्तियां और कमजोरियां भी नोट करें। *

अवेयरनेस
प्रभाकांत कश्यप

अगर आप किसी भी सोशल मीडिया या एप का यूज करते हैं तो आपको इससे जुड़े नियम-कानून के बारे में जानकारी जरूर रखनी चाहिए। इससे आप कई मुसीबतों से बचे रहेंगे।

## इन नियमों को जरूर जानें
# सोशल मीडिया यूजर्स



हालांकि 'डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट-2023' को 11 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी, इसी के साथ यह औपचारिक रूप से कानून बन गया था। लेकिन इस साल 2025 में इसके नियम और क्रियान्वयन तेजी से लागू हो रहे हैं। इसलिए सोशल मीडिया यूज करने वाले हर भारतीय को इसकी जानकारी होना बेहद जरूरी है।

**क्या है यह कानून:** डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन कानून, 2023 भारत सरकार द्वारा बनाया गया एक कानून है, जो आपके निजी डेटा की सुरक्षा करता है, जैसे कि- आपका नाम, फोटो, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, पैन कार्ड, हेल्थ रिपोर्ट, स्कूल/कॉलेज रिकॉर्ड, आपकी लोकेशन, बैंकिंग जानकारी और जो कुछ भी आपकी पहचान से जुड़ा है।

**क्यों जरूरी है इसे जानना:** भारत में आज लगभग हर व्यक्ति मोबाइल, एप्स, सोशल मीडिया, बैंकिंग और सरकारी सेवाओं में अपना निजी डेटा ऑनलाइन शेयर करता है- जैसे आधार संख्या, मोबाइल नंबर, लोकेशन डेटा, बैंक डिटेल्स, हेल्थ और एजुकेशन से जुड़ी जानकारी, फेशियल और बायोमैट्रिक डेटा आदि। इस कानून का मकसद है कि आपका डेटा सुरक्षित रहे और कोई भी कंपनी या संस्था उसे आपकी अनुमति के बिना इस्तेमाल न कर सके।

**इस कानून की मुख्य बातें:** इस कानून में कई प्रावधान किए गए हैं। जैसे- यह कानून भारतीय नागरिकों की डिजिटल सुरक्षा को प्राथमिकता देता है। आपकी अनुमति के बिना कोई भी आपका निजी डेटा नहीं ले सकता। आप किसी कंपनी से कह सकते हैं कि वो आपका डेटा डिलीट करे। जो कंपनी या संस्था आपका डेटा लेती है, वह इसके लिए जिम्मेदार होगी। 18 साल से कम उम्र वालों का डेटा और भी कड़ी निगरानी में रहेगा। कानून पालन न करने पर कंपनियों पर 250 करोड़ रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। सरकार कंपनियों की डेटा प्रोसेसिंग भी बंद कर सकती है।

**आम आदमी के लिए क्या मायने:** इस कानून के जरिए अब आप जान सकते हैं कि कौन सी एप, बैंक या वेबसाइट आपका डेटा कैसे और क्यों इस्तेमाल कर रही है? आप अपना डेटा डिलीट करवाने या ट्रांसफर करने की मांग कर सकते हैं। आप सरकार या कंपनी से सवाल पूछ सकते हैं कि उन्होंने आपकी जानकारी कैसे ली और क्या किया?

**इस कानून का मकसद:** आपका निजी डेटा अब आपकी मर्जी के बिना, न कोई एप इस्तेमाल कर सकता है, न कोई वेबसाइट इसे सेव कर सकती है, न ही किसी कंपनी को बेचा जा सकता है।

**आपको क्या अधिकार मिलते हैं:** कोई भी एप/साइट आपके डेटा का इस्तेमाल आपकी इजाजत से ही कर सकती है। आप किसी भी कंपनी से अपना डेटा डिलीट करने को कह सकते हैं। अगर आपकी जानकारी गलत है, तो आप उसे ठीक करने की मांग कर सकते हैं। आप साफ मना कर सकते हैं कि आपका डेटा किसी और काम में इस्तेमाल न किया जाए।

**इसलिए है जरूरी:** अगर आप यह कानून नहीं जानते तो आपको कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। आपका डेटा चोरी हो सकता है। आपकी बिना इजाजत कोई एप, आपकी लोकेशन, फोटो या कॉल लिस्ट चुरा सकता है। फ्रॉड कॉल/मैसेज बढ़ सकते हैं आपका नंबर बेचा जा सकता है, जिससे ठग आपको निशाना बना सकते हैं। बैंक फ्रॉड हो सकता है। आपकी निजी डेटा वायरल होने से शर्मिंदगी और तनाव हो सकता है।

**आप क्या कर सकते हैं:** कोई एप इंस्टॉल करने से पहले अनुमति जांचें। वेबसाइट पर 'प्राइवेसी पॉलिसी' पढ़ें। अपने डेटा के इस्तेमाल की जानकारी मांगें। अगर आपका डेटा गलत तरीके से इस्तेमाल हुआ है, तो डाटा प्रोटेक्शन बोर्ड में शिकायत करें। *

नदी गाथा
वीना गौतम

## पारिस्थितिकी-जनजीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है महानदी



दक्षिण से पूर्व की ओर बहने वाली महानदी, गोदावरी और कृष्णा की तरह ही देश की एक महत्वपूर्ण नदी है। जलप्रवाह की दृष्टि से यह भारत की दसवीं सबसे बड़ी नदी है और नदी घाटी क्षेत्रफल के अनुसार इसका स्थान छठवां है। यह देश की छठवीं सबसे बड़ी नदी घाटी है।

**कृषि के लिए अत्यंत उपयोगी:** इसकी लंबाई 858 किलोमीटर है और इसकी मुख्य सहायक नदियों में शिवनाथ, हसदेव, तेल, जोंक और मांड नदियां हैं। महानदी ओडिशा में एक विशाल डेल्टा बनाती है, जो कृषि के लिए अत्यंत उपजाऊ क्षेत्र है। इसका कुल जलग्रहण क्षेत्र 1,41,600 वर्ग किलोमीटर है। यह 53 फीसदी जलग्रहण छत्तीसगढ़ राज्य से करती है, जबकि 46 फीसदी जलग्रहण ओडिशा से करती है। शेष 1 प्रतिशत जलग्रहण क्षेत्र में महाराष्ट्र, झारखंड और आंध्र प्रदेश के विभिन्न हिस्से आते हैं। महानदी के जरिए छत्तीसगढ़ और उड़ीसा में लाखों हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होती है और इसी नदी के जल से भिलाई के इस्पात संयंत्र के लिए पानी मिलता है और शहर के लिए पेय जल भी। 1957 में जब इस नदी पर सबसे बड़ा मिट्टी का बांध हीराकुंड बना, उसके बाद से इसकी बाढ़ भयावहता कम हुई है।

**पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण:** जहां तक महानदी की जैव विविधता का सवाल है तो महानदी का बेसिन अनेक जलजीव, पक्षी और पौधों की प्रजातियों के लिए जाना जाता है। विशेषकर ओडिशा में चिल्का झील इसकी महत्वपूर्ण जैव विविधतापूर्ण जलराशि है। महानदी अपनी आर्द्रभूमि और मैंग्रोव वनों के लिए भी जानी जाती है, जो कि कार्बन सिंक और जैव विविधता संरक्षण में अत्यंत सहायक हैं। महानदी के डेल्टा में बड़े पैमाने पर मछली पालन होता है। इस तरह यह ओडिशा के लिए एक बहुत बड़ा आर्थिक स्रोत है। महानदी में बना हीराकुंड बांध जलविद्युत और बाढ़ नियंत्रण में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुआ है। महानदी अभी बहुत कम प्रदूषित है, इस वजह से भी इसका पारिस्थितिकीय महत्व अन्य बड़ी नदियों से बढ़कर है। *

स्मरण
मनोज प्रकाश

जब भी दिल को छू लेने वाले कर्णप्रिय या भावनाओं से भरे दर्द भरे गीतों का जिक्र आता है, तो याद आते हैं बॉलीवुड के बीते सुनहरे दौर के लाजवाब गायक मुकेश। मुकेश की पुण्यतिथि (27 अगस्त) पर उनके गाए गीतों को याद कर रहे हैं लेखक।

# सिर्फ दर्द भरे नहीं हर मूड के गीत गाने में बेमिसाल थे मुकेश

बॉलीवुड की गीत-संगीत की गंगा में जिन नामों की धाराएं बहती हैं, उनमें गायक के रूप में मोहम्मद रफी, किशोर कुमार और मुकेश सबसे विशिष्ट और लोकप्रिय माने जाते हैं। इनमें से मुकेश के गाने का अंदाज बहुत अनोखा और सीधे रूह को स्पर्श कर लेता है। उनके गाए सदाबहार गीत आज भी लोगों को पसंद आते हैं। मुकेश की आवाज तो कुछ एक्टर्स की पहचान से जुड़ गई थी तभी तो खुद राजकपूर ने मुकेश के निधन पर कहा था, 'मैंने आज अपनी आवाज को खो दिया है।'

**प्रारंभिक जीवन:** 22 जुलाई 1923 को दिल्ली में जन्मे मुकेश का पूरा नाम मुकेश चंद माथुर था। मुकेश ने दसवीं तक की औपचारिक शिक्षा ली। कुछ समय तक उन्होंने पीडब्ल्यूडी में काम किया। मुकेश का रुझान शुरुआत से ही गीत-संगीत की तरफ था। उन्होंने गायन के क्षेत्र में भी प्रयास आरंभ किया। शुरुआती संघर्षों के बाद मुकेश बॉलीवुड के सफलतम गायकों में से एक के रूप में गिने जाने लगे।





मुकेश को अपनी आवाज मानते थे राज कपूर

**के. एल. सहगल से होती थी तुलना:** कहते हैं, मुकेश की आवाज में कई बार लोग के.एल. सहगल की आवाज को तलाशते थे। दरअसल, मुकेश की गायनशैली काफी हद तक उनसे मिलती थी। मुकेश ने कुछ ऐसे गीत भी गाए हैं, जिनमें वही दर्द है, जो के.एल. सहगल के गाए गीतों में महसूस होता है।

**दर्द भरे गीतों के आइकॉन:** मुकेश के गाए गीतों में एक ऐसी कशिश होती है, जो हर किसी को उसे सुनने के लिए अपनी ओर खींच लेती है। मुकेश को खासकर दर्द भरे गीतों का आइकॉनिक सिंगर माना जाता है। दर्द भरे गीतों को गाने में उनकी आवाज में वास्तविक दर्द छलकता महसूस होता है।

**देश-विदेश में पाई लोकप्रियता:** मुकेश के गाए गीतों को देश में ही नहीं विदेशों में भी खूब लोकप्रियता मिली। 'आवारा हूं या गर्दिश में हूं, आसमान का तारा हूं।' राज कपूर की फिल्म 'आवारा' का यह गीत भारत में ही नहीं तत्कालीन सोवियत संघ में भी खासा लोकप्रिय हुआ था। मुकेश का गाया गीत 'मेरा जूता है जापानी' महफिलों-पार्टियों की शान हुआ करता था। उस दौर के अनेक यंगस्टर्स अपनी पार्टियों में मस्ती के मूड में इस गीत को कोरस में गाया करते थे।

**हर तरह के गीत गाए:** मुकेश को आमतौर पर लोग उनके दर्द भरे गीतो के लिए जानते हैं। लेकिन यह मुकेश की वर्सेटाइल सिंगिंग एबिलिटी का एक हिस्सा मात्र था। हकीकत तो यह है कि मुकेश ने हर मूड, हर सिचुएशन के लिए कमाल के गाने गाए हैं। 'कभी-कभी मेरे दिल में ख्याल आता है', 'कहीं दूर जब दिन ढल जाए', 'सुहाना सफर और ये मौसम हसीं', 'मैं पल दो पल का शायर हूं', 'जाने कहां गए वो दिन', 'किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार', 'जीना यहां मरना यहां, इसके सिवा जाना कहां', 'कहता है जोकर सारा जमाना, आधी हकीकत आधा फसाना', 'मैंने तेरे लिए ही सात रंग के', 'इक दिन बिक जाएगा माटी के मोल' जैसे गीतों में मुकेश की गायकी के अलग-अलग आयाम देखे जा सकते हैं। पर्वों को खुशनुमा बनाने के लिए भी मुकेश ने कई गीत गाए हैं। 'ये राखी बंधन है ऐसा' उन्होंने लता मंगेशकर के साथ गाया। यह गीत आज भी रक्षाबंधन के अवसर पर खूब सुना जाता है।

**टॉप सितारों को दी आवाज:** मुकेश को भले ही मुख्य रूप से 'राजकपूर की आवाज' के तौर पर जाना जाता रहा है, लेकिन मुकेश ने अपने दौर के लगभग सभी टॉप अभिनेताओं के लिए गाने गाए। राजकपूर के साथ-साथ मुकेश ने मनोज कुमार, दिलीप कुमार, राजेश खन्ना, राजेंद्र कुमार, अमिताभ बच्चन, सुनील दत्त आदि के लिए भी एक से एक मधुर गीतों का इंद्रधनुष बिखेरा। फिल्म 'हिमालय की गोद में' मनोज कुमार पर फिल्माया उनका गीत 'चांद सी महबूबा हो मेरी, कब ऐसा मैंने सोचा था', आज भी नई जेनरेशन के लवर्स गाते-गुनगुनाते हैं। फिल्म 'कटी पतंग' में राजेश खन्ना पर फिल्माया गीत 'जिस गली में तेरा घर न हो बालमा, उस गली से हमें तो गुजरना नहीं', आज भी लोकप्रिय है। लोकधुन से सजा मुकेश की सुरीली आवाज में फिल्म 'मिलन' का लोकप्रिय-कर्णप्रिय गीत 'सावन का महीना पवन करे सोर' सुनील दत्त पर फिल्माया गया। 'रात और दिन' में प्रदीप कुमार के लिए मुकेश ने 'रात और दिन दीया जले, मेरे मन में फिर भी अंधियारा है' गाया था।



फिल्म 'मिलन' के सीन में सुनील दत्त-नूतन

**चला गया बेमिसाल गायक:** मुकेश, किशोर कुमार की तरह भले ही खिलंदड़ स्टाइल में नहीं गाते थे पर वह हल्के, रोमांटिक, भावपूर्ण तथा सहजता से भरे स्वर से जब किसी गीत को लय में पेश करते थे, तो श्रोताओं की सांसें थम जाती थीं और उनकी आवाज के साथ श्रोता खुद को मिलाने का प्रयास करने लगते थे।

वर्ष 1976 में मुकेश जब मिशिगन (यूएस) में एक प्रोग्राम देने गए थे तो उन्हें वहीं पर हार्ट अटैक हुआ और उनकी सांसें, 27 अगस्त 1976 को थम गईं। आज मुकेश स्मृति शेष जरूर हैं पर उनके गाए गीत दुनिया की फिजाओं में यही कह रहे हैं- 'जीना यहां-मरना यहां इसके सिवा जाना कहां.. ' *